वर्ष 72 ▸▸ अंक 207 ▸▸ पृष्ठ 12
रीवा, शुक्रवार 25 अप्रैल, 2025
▸▸ वैशाख कृष्ण पक्ष 12, विक्रम संवत् 2082
▸▸ नगर ▸▸ मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

सभी महान चीजें सरल होती हैं, और उनमें से कई को एक ही शब्द में व्यक्त किया जा सकता है- स्वतंत्रता, न्याय, सम्मान, कर्तव्य, करुणा, आशा।
-विंस्टन चर्चिल

**कश्मीर में कत्लेआम** सर्वदलीय बैठक में केंद्र सरकार ने सुरक्षा में चूक को किया स्वीकार

# हर कार्रवाई को विपक्ष का पूरा समर्थन कहा- ध्वस्त किए जाएं आतंकी ठिकाने

## सेनाएं अलर्ट पर, भारत ने किया मिसाइल का परीक्षण

**नई दिल्ली, इस्लामाबाद, जेएनएन।** गुरुवार को भारत और पाकिस्तान, दोनों देशों में बैठकें हुईं। पहलगाम आतंकी हमले पर विचार करने के लिए नई दिल्ली में सर्वदलीय बैठक हुई, जबकि पाकिस्तान के इस्लामाबाद में नेशनल सिक्योरिटी कमेटी की बैठक हुई।

पार्लियामेंट एनेक्सी बिल्डिंग में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई सर्वदलीय बैठक में सभी दलों के नेताओं ने ऐलान किया कि इस समय पूरा देश एकजुट है। वहीं सरकार ने माना कि सुरक्षा में चूक हुई है। बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समेत लगभग सभी राजनीतिक दलों के नेता शामिल हुए। बैठक में विपक्ष ने एक सुर में कहा कि सरकार सीमा पार के आतंकी संगठनों पर कठोर कार्रवाई करे। सभी ने आतंकी हमले की निंदा की और मृतकों को श्रद्धांजलि दी।

सर्वदलीय बैठक में भाग लेने के बाद कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा– विपक्ष ने सरकार को कोई भी कार्रवाई करने के लिए पूरा समर्थन दिया है। आप सांसद संजय सिंह ने कहा कि पूरा देश इस समय साथ है।

सरकार ने माना है कि पहलगाम में सुरक्षा में चूक हुई है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा– आईबी और गृह मंत्रालय के अधिकारियों ने नेताओं को चूक के बारे में जानकारी दी। सभी दलों ने कहा कि वे आतंकवाद के खिलाफ हैं। सरकार ने वादा किया है कि सुरक्षा चूक की जांच कराई जाएगी और ऐसी व्यवस्था की जाएगी, जिससे ऐसी घटनाएं फिर न हों। उधर, पहलगाम हमले के बाद भारत के सिंधु जल समझौता स्थगित करने को पाकिस्तान ने सही कदम नहीं बताया है। ■ शेष पृष्ठ 7 पर

## शोक और आक्रोश के बीच भारत-पाक के बीच बढ़ा तनाव

### भारत ने ये फैसले लिए



- भारत का कोई भी विमान पाकिस्तान के एयरस्पेस का इस्तेमाल नहीं करेगा।
- वायुसेना ने युद्धाभ्यास शुरू किया। इसे आक्रमण नाम दिया गया। इसमें अंबाला और हाशीमारा की दो राफेल स्क्वॉड्रन हिस्सा लेंगी।
- आईएनएस सूरत युद्धपोत से मिसाइल की टेस्टिंग की गई। टेस्टिंग सफल रही। सतह से समुद्र पर हमला करने का सफल परीक्षण किया गया।
- सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी शुक्रवार को बैसरन का दौरा करेंगे। वे वहां सैन्य कमांडरों के साथ बैठक करेंगे।
- सिंधु जल समझौते को स्थिगित करने की सूचना पाकिस्तान को भेजी गई है।

### पाकिस्तान में हुए ये निर्णय



- दोनों देशों के सभी द्विपक्षीय समझौते स्थगित किए जाएंगे, इसमें 1972 का शिमला समझौता भी शामिल।
- सिंधु जल समझौते को रोक जंग की तरह माना जाएगा। पाक निपटने के लिए तैयार।
- एलएसी पर वायुसेना की तैनाती करेगा और कश्मीर मसले को नए सिरे से वैश्विक मंचों पर उठाएगा। संयुक्त राष्ट्रसंघ से दखल की मांग की जाएगी।
- भारत के वक्फ कानूनों की निंदा की। इसे मुसलमानों को दबाने का प्रयास कहा।
- पहलगाम हमले के सबूत मांगे और उचित कार्रवाई का वादा किया गया। पाक ने हमले की भी निंदा की है।

## विदेशी राजनयिकों को दी हमले की जानकारी

भारत ने गुरुवार को विदेशी राजनयिकों को पहलगाम आतंकी हमले और उसमें पाकिस्तान की संलिप्तता से अवगत कराया। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, चीन, रूस, जर्मनी समेत करीब 20 से अधिक देशों के राजनयिकों को इस बारे में जानकारी दी। इसमें जी-20 और खाड़ी के ज्यादातर देश शामिल थे। मिस्री ने हमले के विभिन्न पहलुओं तथा आतंकवाद के खिलाफ भारत की शून्य सहनशीलता की दृढ़ नीति से अवगत कराया। राजनयिकों को संबंधित जानकारी भारत द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ कई कदमों की घोषणा के एक दिन बाद दी गई।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने पत्रकार को पीटा

**कठुआ।** सुरक्षा चूक पर सवाल पूछने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने दैनिक जागरण के पत्रकार राकेश शर्मा पर हमला कर दिया। हमले की वीडियो वायरल हो गई है। भाजपा विधायक देविंदर मन्याल, राजीव जसरोतिया और भरत भूषण से पत्रकार ने केंद्र सरकार की विफलताओं पर सवाल किया तो कार्यकर्ता हिमांशु शर्मा ने 'देश विरोधी' कहकर निशाना बनाया और अन्य कार्यकर्ताओं ने भी हमला कर दिया। पुलिस ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया।

## गलती से पाकिस्तान सीमा में पहुंचा जवान



पंजाब के फिरोजपुर से लगती अंतरराष्ट्रीय सीमा पर गलती से बीएसएफ के एक जवान पाकिस्तान में प्रवेश कर गए, उन्हें पाक रेंजर्स ने हिरासत में ले लिया है। बुधवार देर रात बीएसएफ और पाक रेंजर्स के बीच फ्लैग मीटिंग हुई। बीएसएफ ने जवान लौटाने की मांग की, पाक रेंजर्स ने इसे ठुकरा दिया। गुरुवार को भी बात नहीं बनी। अब भारतीय विदेश मंत्रालय ने जवान की वापसी की पहल की है। पाकिस्तान का आरोप है कि जवान जासूसी करने पाकिस्तान में घुसा। जबकि भारत का कहना है कि जवान कुछ दिन पहले ही यहां तैनात हुआ, सीमा की पहचान नहीं होने के कारण वह गलती से पाकिस्तान चला गया।

## कहां हुई सुरक्षा में चूक

पहलगाम में आतंकवादी बेखौफ पर्यटकों पर गोलियां बरसाते रहे और वहां उन्हें बचाने वाला कोई नहीं था। इस हमले ने भारतीय खुफिया एजेंसी और सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। चश्मदीदों का आरोप है कि वहां सुरक्षा के इंतजाम बिल्कुल भी नहीं थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, घटना से कुछ दिन पहले, पीओके स्थित एक आतंकवादी ने हमले का संकेत देते हुए संदिग्ध टिप्पणी की थी। खुफिया एजेंसियां और सुरक्षा बल इस पर कार्रवाई करने में विफल रहे, जिसके कारण यह गंभीर त्रासदी हुई। रिपोर्ट में लिखा गया कि, हमले में शामिल आतंकवादियों को हथियारों के इस्तेमाल की अच्छी ट्रेनिंग दी गई और उन्हें उन क्षेत्रों की विस्तृत जानकारी दी गई थी जहां पर्यटकों की भारी भीड़ के बावजूद सुरक्षा बलों की कम तैनाती होती है। पहलगाम में सुरक्षा तैनाती को लेकर भी कई सवाल उठ रहे हैं क्योंकि इस मौसम में भारी संख्या में लोग कश्मीर जाते हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक, हाल ही में पाक सेना प्रमुख ने कश्मीर पर भड़काऊ बयान दिया था। उसी से साफ था कि पाकिस्तान कुछ योजना बना रहा है। जब भी पाकिस्तानी सेना पर अस्तित्व का संकट का मंडराता है तो वह कश्मीर में कुछ वारदात को अंजाम देकर अपना महत्व साबित करती है। यह पैटर्न महत्वपूर्ण था।




# बिहार में बोले मोदी-आतंकियों को मिलेगी कल्पना से भी कड़ी सजा



**मधुबनी, जेएनएन।** पहलगाम अटैक के बाद गुरुवार को बिहार के मधुबनी पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– पूरा देश आतंकवादियों को सजा देने के संकल्प में एक है। मानवता में विश्वास रखने वाला हर व्यक्ति हमारे साथ है। मैं विभिन्न देशों के लोगों और उनके नेताओं को धन्यवाद देता हूं जो हमारे साथ खड़े हैं। प्रधानमंत्री ने अपना शुरुआती भाषण अंग्रेजी में दिया और विश्व समुदाय को संबोधित किया। वे यहां पंचायती राज दिवस कार्यक्रम में पहुंचे थे।

इससे पहले पीएम ने मृतकों को मंच से श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि अपनी बात शुरू करने से पहले मैं आप सबसे एक प्रार्थना करना चाहता हूं। आप जहां हैं, वहीं अपने स्थान पर बैठे रहकर ही 22 तारीख को जिन परिवारजनों को हमने खोया है, उन्हें श्रद्धांजलि दें। इसके बाद मैं अपनी बात शुरू करूंगा। फिर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। मोदी स्वयं हाथ जोड़े खड़े रहे।

पंचायती राज पर उन्होंने कहा कि आज आज राष्ट्र कवि रामधारी सिंह दिनकर की पुण्यतिथि भी है। मैं उन्हें नमन कहता हूं। बिहार से बापू ने सत्याग्रह की शुरुआत की थी। उनकी सोच थी कि जब तक गांव का विकास नहीं होगा, तब तक भारत का विकास नहीं हो पाएगा।

"पहलगाम के दोषियों को मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। आतंकियों को कल्पना से भी बड़ी सजा मिलकर रहेगी। आतंकी हमले में किसी ने अपना बेटा खोया, किसी ने भाई, किसी ने जीवन साथी खोया। इनमें से कोई बांग्ला बोलता था, कोई कन्नड़, कोई गुजराती था, कोई बिहार का लाल था। आज सभी की मृत्यु पर कारगिल से कन्याकुमारी तक हमारा आक्रोश एक जैसा है। पीएम ने कहा-हम उन्हें धरती के अंतिम छोर तक खदेड़ेंगे। आतंकवाद से भारत की आत्मा कभी नहीं टूटेगी। आतंकवादियों को सजा मिलेगी।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री** (मधुबनी में अपने संबोधन के दौरान)

## नमो भारत ट्रेन को दिखाई हरी झंडी

प्रधानमंत्री ने बिहार में 13 हजार 480 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। साथ ही सहरसा-मुंबई अमृत भारत ट्रेन और जयनगर-पटना के बीच नमो भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने पटना एयरपोर्ट के विस्तार का वादा भी किया। साथ ही कहा कि मिथिला के कोसी का एक क्षेत्र बाढ़ से परेशान रहता है। सरकार बाढ़ के प्रकोप को कम करने के लिए 11 हजार करोड़ रुपए खर्च करने वाली है। इससे बूढ़ी गंडक, कोसी पर बांध बनेंगे।




## आईपीएल में आज

IPL 2025 TATA IPL

चैन्नई बनाम हैदराबाद
समय : शाम 7.30 बजे से
प्रसारण: स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर

**परिणाम:** बेंगलुरु ने राजस्थान को 11 रन से हराया।

## विशेष सूचना

ज्ञान वही जो निरभिमान बना दे...
(पढ़ें सम्पादकीय पेज पर)

## राणा की याचिका खारिज

नई दिल्ली। पटियाला हाउस कोर्ट ने तहव्वुर राणा की याचिका गुरुवार को खारिज कर दी। याचिका में राणा ने अपने परिवार से फोन पर बात करने की अनुमति मांगी थी।

# ईडी कोर्ट ने खारिज की सौरभ और शरद की जमानत याचिका

### बुधवार को बहस के बाद सुरक्षित रखा था फैसला



**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की स्पेशल कोर्ट ने परिवहन विभाग के करोड़पति पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा और उसके साथी शरद जायसवाल की जमानत याचिकाएं गुरुवार को खारिज कर दीं। स्पेशल कोर्ट के जज सचिन घोष ने अपने फैसले में लिखा कि अपराध की गंभीरता और प्रकरण की परिस्थितियों को देखते हुए दोनों को जमानत नहीं दी जा सकती। विशेष न्यायाधीश की अदालत में दोनों की जमानत के लिए 21 अप्रैल को याचिकाएं दाखिल की गई थीं। इन याचिकाओं पर बुधवार को सुनवाई हुई थी, जिसके बाद फैसले को आदेश के लिए सुरक्षित रखा गया था। सौरभ की तरफ से दूसरी बार जमानत के लिए आवेदन पेश किया गया था। ईडी के विशेष लोक अभियोजक ने सौरभ और शरद की जमानत ■ शेष पृष्ठ 7 पर

### सौरभ-शरद की ओर से दिए तर्क

- ईडी ने 8 अप्रैल को जल्दबाजी में पेश कर दिया आरोप पत्र।
- अक्षम अधिकारी ने नियम विरुद्ध तरीके से संपत्ति अटैच की।
- ईडी अब तक एक भी संपत्ति सौरभ के नाम पर साबित नहीं कर सकी।
- इस मामले में लोकायुक्त कोर्ट पहले ही दोनों को दे चुकी है जमानत।
- दोनों प्रतिष्ठित नागरिक, जमानत मिलने पर फरार नहीं होंगे।
- इनके पासपोर्ट पहले से ही जब्त, परिजनों और सहयोगियों को ईडी कोर्ट पहले ही दे चुका है जमानत।

### विरोध में ईडी द्वारा दी गई दलीलें

- सौरभ ही करोड़ों की मनी लॉन्ड्रिंग और संपत्ति बनाने का मास्टरमाइंड।
- सौरभ और शरद के खिलाफ दर्ज अपराध संज्ञेय और गैर जमानती।
- जमानत पर सौरभ-शरद अभियोजन की कार्रवाई कर सकते हैं प्रभावित।
- दोनों की आयु और बीमारी जमानत का आधार नहीं।
- केस की विवेचना जारी है और प्यारेलाल केवट की गिरफ्तारी बाकी।
- जमानत मिलने पर दोनों के फरार होने की भी आशंका।

## फिटजी के मालिक गोयल के 8 ठिकानों पर ईडी का छापा

**नई दिल्ली। प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली, नोएडा और गुरुग्राम में फिटजी कोचिंग के मालिक डीके गोयल के 8 ठिकानों पर छापेमारी की है। मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत कोचिंग सेंटर के मालिकों और प्रमोटरों से जुड़े ठिकानों पर छापा मारा गया है। ईडी ने बताया कि उप्र और दिल्ली में कई एफआईआर दर्ज होने के बाद यह कार्रवाई की जा रही है। दरअसल, फिटजी के मालिक और प्रमोटर्स पर कोचिंग सेंटर से लिए गए पैसे को निजी फायदे और दूसरी कंपनियों में लगाने का आरोप है। जनवरी 2025 में अचानक फिटजी के कई सेंटर बिना किसी सूचना के बंद हो गए थे। ईडी के मुताबिक पैरेंट्स ने पूरे साल के लिए एडवांस पेमेंट किया था, लेकिन फिटजी वालों ने उन्हें सेंटर बंद होने की जानकारी नहीं दी। इससे 12 हजार छात्रों का भविष्य खतरे में पड़ गया। मामले में ईडी ने मुख्य साजिशकर्ताओं के घरों पर भी तलाशी ली है।

## फ्रांस: हिटलर-प्रेमी छात्र ने साथी छात्रा को मार डाला

**नैनटेस, जेएनएन।** फ्रांस के नैनटेस के एक स्कूल में गुरुवार को चाकू से हमला कर एक छात्र ने एक लड़की की हत्या कर दी और तीन अन्य छात्रों को घायल कर दिया। हालांकि, हत्या के आरोपी छात्र की उम्र नहीं बताई गई है, लेकिन यह बताया गया है कि छात्र जर्मनी के तानाशाह एडोल्फ हिटलर को अपना आदर्श मानता है। उसके सहपाठियों ने कहा कि छात्र ने दुनिया में पर्यावरण को पहुंच रहे नुकसान पर एक घोषणापत्र लिखा था, जिसमें कहा था कि दुनिया की सभी समस्याओं के समाधान के लिए हिटलर जैसे नेता की फिर जरूरत है।

# वॉशिंगटन से ट्रेड डील करने वाला पहला देश होगा भारत

**नई दिल्ली।** अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेन्ट ने भारत-अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौता होने की उम्मीद जताई है। उन्होंने कहा, भारत राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पारस्परिक शुल्क से बचने के लिए व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने वाला पहला देश बन सकता है। अमेरिका की ओर से भारतीय निर्यात पर 26 प्रतिशत का पारस्परिक टैरिफ फिलहाल 90 दिनों के लिए स्थगित है। इसकी अवधि 8 जुलाई को समाप्त हो जाएगी। हालांकि, अन्य देशों की तरह भारत पर मौजूदा नीति के तहत 10 प्रतिशत टैरिफ लागू है। बेसेन्ट ने पत्रकारों की एक राउंडटेबल बैठक में कहा, भारत के साथ व्यापार वार्ता सफल निष्कर्ष पर पहुंचने के 'बहुत करीब' है। दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देश में 'इतने अधिक टैरिफ' नहीं हैं। इससे पहले अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने भारत से गैर-टैरिफ बाधाओं को हटाने, बाजारों तक अधिक पहुंच और अधिक अमेरिकी ऊर्जा और सैन्य हार्डवेयर खरीदने का आग्रह किया।

# नरवाई जलाई तो एमएसपी पर नहीं खरीदेंगे अगले साल उपज



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश की शासकीय भूमि कुओं बावड़ियों एवं गांवों में सार्वजनिक रास्तों पर अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा। इसी तरह सरकार अपने खेतों में नरवाई जलाने वाले किसानों को न तो मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना का लाभ मिलेगा और न ही अगले साल उनकी उपज समर्थन मूल्य पर खरीदी जाएगी। गुरुवार को यह निर्देश मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान दिए। पर्यावरण, मृदा संरक्षण एवं भूमि की उत्पादकता बनाए रखने के मद्देनजर राज्य सरकार का यह निर्णय तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

सीएम ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत सभी अमृत सरोवर, तालाब, बांध, नहर एवं अन्य जल संरचनाओं को राजस्व अभिलेखों में अनिवार्य रूप से दर्ज किया जाए और अभियान में नहर, कुए और बावड़ियों जैसी जल संरचनाओं को पूरी तरह से अतिक्रमण मुक्त किया जाए।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि नामांतरण, बंटवारा, अभिलेख दुरुस्ती, नक्शा संशोधन जैसे राजस्वगत कार्यों की पेंडेंसी जल्द से जल्द खत्म की जाए। बैठक में बताया गया कि राजस्व विभाग के नवाचारी प्रयासों के तहत तैयार की गई स्वामित्व योजना एवं फार्मर रजिस्ट्री के मामले में मध्यप्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने सुझाव दिया कि मामलों के त्वरित निराकरण के लिए अधिकारियों के कार्यालय एक परिसर में होने चाहिए।






दैनिक जागरण रीवा संस्करण की 72वीं वर्षगांठ पर हार्दिक शुभकामनाएं

TOP CAREER BUILDING INSTITUTE OF VINDHYA REGION An ISO 9001:2008 ISO 14001:2004 OHSAS 18001:2007 Certified

www.jnctrewa.com

# JAWAHARLAL NEHRU COLLEGE OF TECHNOLOGY

Approved By AICTE New Delhi & Affiliated to RGPV Bhopal, APSU Rewa

## B.Tech.
- Computer Science
- Electronics & Communication
- Electrical & Electronics
- Mechanical "Engineering
- Civil Engineering
- Mining Engineering

## M.Tech.
- Structure
- Thermal
- Computer Science
- Digital Communication
- High Voltage System

## JNCT REWA
## MBA

ADMISSION OPEN 2025-2026

## DIPLOMA
- Mechanical Engg.
- Electrical Engg.
- Civil Engg.

## ITI
- Fitter
- Electrician
- COPA

## B.Pharma
4 Years, AICTE & PCI Approved Eligibility: 12th Passed (Maths/Biology)

## D.Pharma
2 Years, AICTE & PCI Approved Eligibility: 12th Passed (Maths/Biology)

Add.: Near Bypass, JNCT Chouraha, Ratahara, Rewa (M.P.) 486001
Contact : 8109412689, 9111100493

# VANASTHALI SCHOOL

A Senior Secondary School, Affiliated to CBSE, New Delhi

Affiliation Code 1031390

Admission OPEN for Classes Nursery to 1st SESSION 2025-26



Near JNCT, Bypass Crossing Ratahara Rewa (M.P.) 486001
Email ID : vsrewa@yahoo.com | www.vanasthalirewa.com
To Register Call :- 9752676337, 9630496337, 8817303315

# SHREE KRISHNA PHARMACY COLLEGE MANGAWAN, REWA

## B.Pharma
4 Years, PCI Approved Eligibility : 12th Passed (Maths/Biology)

## D.Pharma
2 Years, PCI Approved Eligibility : 12th Passed (Maths/Biology)

## M.Pharma
(Proposed Course for Session 2025-26)

ADMISSION OPEN FOR 2025-26

FOR ADMISSION AND QUERY
Call US: 9111100486, 9111100493
9755102929, 9425186337, Visit : www.skpcrewa.com

Add. : Near Mangawan Basti, Rewa (M.P.)

दैनिक जागरण रीवा संस्करण की 72वीं वर्षगांठ पर हार्दिक शुभकामनाएं

CELEBRATING 40+ Years in Education

# CENTRAL ACADEMY

An ISO 9001:2015 Quality Management System Certified
Senior Secondary School, Affiliated to CBSE, New Delhi
Near N.C.C. Office, Civil Lines, Rewa (M.P.) - 486001



CREATE THE BEST FUTURE FOR YOUR CHILD

## ADMISSION OPEN FOR Nursery to Class I for Session2025-26

Contact to School Office between 10:00 a.m. to 03:00 p.m.
Phone: 07662-241788, 421665
E-mail : centralacademyrewa@gmail.com
Website : www.centralacademyrewa.com

PATIENT SAFETY & QUALITY OF CARE NABH CERTIFIED
एन.ए.बी.एच. मान्यता प्राप्त अस्पताल

# REWA HOSPITAL RESEARCH CENTRE Pvt. Ltd.

दैनिक जागरण रीवा संस्करण की 72वीं वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ

विंध्य क्षेत्र का पहला NABH मान्यता प्राप्त,
100 बिस्तरीय सर्वसुविधा युक्त मल्टी स्पेशिलिटी हॉस्पिटल

# रीवा हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेन्टर

पी.टी.एस.रोड, समान, रीवा

सोनोग्राफी/ आई.सी.यू./ एन.आई.सी.यू./ डायलिसिस/ एण्डोस्कोपी




## उपलब्धियां

मध्य प्रदेश के सभी शासकीय कर्मचारियों एवं उनके आश्रित परिवारों को इलाज की सुविधा उपलब्ध। भुत पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रित परिवारों को ECHS के माध्यम से इलाज की सुविधा उपलब्ध।

आयुष्मान जन आरोग्य योजना से कैंसर एवं अन्य बीमारियों के इलाज की सुविधा, सभी प्रकार के मेडिक्लेम की सुविधा उपलब्ध।

24x7
इमरजेन्सी / कैजुअल्टी
फार्मेसी / पैथोलॉजी
एम्बुलेन्स / डिजिटल एक्सरे

## उपलब्ध विभाग
- यूरोलॉजी
- न्यूरोसर्जरी
- कार्डियोलॉजी
- गैस्ट्रोलॉजी
- प्लास्टिक सर्जरी
- मेडिसिन
- सर्जरी
- गायनी एवं आब्स
- पिडियाट्रिक्स
- आर्थोपेडिक्स

पता:- पी.टी.एस.रोड, समान, रीवा (म.प्र.) संपर्क- 6260807980, 07662-359042
Email : rewahospitalrc@gmail.com

## प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना संबंधी बैठक 28 अप्रैल को

**रीवा।** प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत वर्ष 2023-24 में चयनित 9 ग्राम पंचायतों की कार्ययोजना तैयार की गई है। कार्ययोजना में शामिल बिन्दुओं पर विचार करने के लिए 28 अप्रैल को बैठक का आयोजन किया जा रहा है। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर प्रतिभा पाल करेंगी। बैठक कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में टीएल बैठक के बाद आरंभ होगी। जिला संयोजक कमलेश्वर सिंह ने प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना की जिला स्तरीय समिति के सभी सदस्यों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।




## असमाजिक तत्वों ने सोसायटी की भूमि पर किया अतिक्रमण

**रीवा।** गोड़हर मोड़ स्थित अनंतपुर गृह निर्माण सोसाइटी वार्ड नंबर 4 के दुकान नंबर 20 एवं 21 के सामने नेशनल हाईवे में असमाजिक तत्वों द्वारा नियम विरुद्ध एवं अवैधानिक रूप से तिरपाल लगाकर अतिक्रमण किया गया है। असमाजिक तत्व यहां पर इकट्ठा होकर गलत गतिविधियों में लिप्त रहते हैं जिससे स्थानीय रहवासियों एवं दुकानदारों में भारी असंतोष एवं आक्रोश व्याप्त है। नेशनल हाईवे में अवैधानिक अतिक्रमण होने के कारण दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। दुकान नंबर 20 एवं 21 नेशनल हाईवे गोड़हर मोड वार्ड 4 में स्थित है। जब मध्य प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री, राज्यपाल, मंत्रियों एवं अधिकारियों का दौरा होता है तो उक्त सभी अवैधानिक नियम विरुद्ध निर्माण हटा दिया जाता है लेकिन दौरा समाप्त होने के बाद तिरपाल लगाकर असामाजिक गतिविधियां दुकान नंबर 20 एवं 21 के सामने संचालित होती रहती हैं। इससे स्पष्ट होता है कि नगर निगम की उदासीनता के कारण उक्त अतिक्रमण को नहीं हटाया जा रहा है।


















# पानी को तरसे वार्डवासी, बाल्टियां लेकर भटक रहे

## प्रशासन ने टैंकर भिजवाने किया था वायदा आश्वासन ही रह गया



जागरण, रीवा

शहर के वार्ड क्रमांक 31 के रहवासी लंबे समय से पेयजल के लिए परेशान हैं। जिसकी कई बार शिकायत भी कर चुके, लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ। गत मंगलवार को भी यहां की महिलाओं ने जनसुनवाई में आवेदन देकर पानी की मांग की थी, जिन्हें जनसुनवाई कर रहे जिम्मेदरों ने आश्वस्त किया था कि उनके वार्ड में टैंकर के माध्यम से पेयजल की व्यवस्था करवाई जाएगी, लेकिन आज तीसरे दिन भी वार्ड में टैंकर नहीं पहुंचा, यानी जिम्मेदारों का आश्वासन महज आश्वासन ही बनकर रह गया।

### रोज सुबह उठकर पानी का इंतजार करते हैं

वार्ड में निवासरत ज्योति सोनी, रागिनी सोनी, बबली सोनी, सीता सोनी, उषा सोनी, साक्षी सोनी, कुसुम तिवारी, सोना मोटवानी, पूजा तिवारी, आयुषी सोनी, सीता सोनी, उर्मिला सोनी, मुन्नी सोनी, रमेश प्रसाद तिवारी, बिन्दु सोनी, हर्ष नामदेव, दिव्या मोटवानी, विजय सोनी आदि ने बताया कि वार्ड में पानी तो प्रदाय किया जा रहा है, लेकिन कुछ ही घरों तक पानी पहुंच पाता है, बाकी के घरों में लगे नलों में पानी पहुंच ही नहीं पाता। पानी का प्रेशर ही नहीं बनता, जिससे कुछ घरों तक पानी पहुंचकर रूक जाता है। वार्ड के रहवासी रोज सुबह उठकर पानी का इंतजार करते हैं, लेकिन पिछले सप्ताह भर से तो स्थिति ये हो गई है जो थोड़ा बहुत पानी पूर्व के नलों में आ जाता था। वह भी आना बंद हो गया। जनसुनवाई में भी यहां के लोग गए थे। अधिकारियों ने टैंकर से पानी की पूर्ति करने की बात कही थी, लेकिन टैंकर भी नहीं आया। हालात बदतर हो गए हैं।

### जिनके घर बोर हैं वही से ला रहे पानी

वार्ड के लोगों ने बताया कि वार्ड में करीब आधा दर्जन घरों में बोरिंग हैं, जो लोगों को पानी बांट रहे हैं, उसमें भी पानी भरने के लिए लोगों को नंबर लगाना पड़ता है। जो लोग पानी दे रहे हैं, उनके बारिंग में भी पानी आना कम हो गया है, ऐसी स्थिति में वे लोग भी पानी कब तक बांटेंगे। वार्ड के लोग पिछले वर्ष से प्रशासन के समक्ष आवेदन देकर पानी की मांग कर रहे हैं, लेकिन कोई सुनने को ही तैयार नहीं है।

**परेशानी वार्डवासियों की जुबानी :**



पिछले चार-पांच दिनों से वार्ड के लोगों को बिल्कुल भी पानी नहीं मिल रहा। प्यास बुझाने के लिए बोतलों का पानी खरीद रहे हैं, अन्य कार्य के लिए भी तो पानी की जरूरत पड़ती है, वह कहां से लाएं। अभी तो अपनी पुत्री के यहां से पानी भरकर ला रहे हैं, लेकिन वहां से भी कब तक पानी भरेंगे।

**सावित्री साहू, रहवासी**



वार्ड के लोग लंबे समय से परेशान हो रहे हैं पानी के लिए, कईयों बार शिकायत कर चुके, लेकिन आज तक वार्ड की समस्या देखने, सुनने कोई नहीं आया। जैसे-तैसे लोग पानी का जुगाड़ करके अपनी जरूरतें पूरी कर रहे हैं, लेकिन ऐसा कब तक चलेगा, जिनका जिम्मा पानी वितरण करने का है, वे लोग न तो कभी यहां आते हैं, न ही सुनवाई कर रहे हैं।

**राजेन्द्र प्रसाद गौतम, रहवासी**

# मछली मार्केट में मीट मटन व्यवसायियों को आज आवंटित की जाएगी दुकानें

**जागरण, रीवा।** मछली मार्केट के प्रथम तल पर निर्मित मीट एवं मटन की 32 दुकानों को लाटरी निकाल कर मीट एवं मटन व्यवसायियों को आवंटित किया जाएगा। मत्स्य बाजार केन्द्र झिरिया में मछली मार्केट के प्रथम तल पर निर्मित मीट एवं मटन की 32 दुकानों का व्यवस्थापन के अधीन आवंटन किये जाने के संबंध में नगर निगम रीवा के 14वें साधारण सम्मिलन 27 मार्च 25 के प्रस्ताव क्रमांक-11 में पारित निर्णयानुसार रीवा शहर के विभिन्न मोहल्लों में मीट/मटन का व्यवसाय कर रहे व्यवसाइयों को नगर पालिक निगम रीवा द्वारा वार्ड क्रमांक-6 में मत्स्य बाजार केन्द्र झिरिया में मछली मार्केट के प्रथम तल पर निर्मित मीट एवं मटन की दुकानों में स्थानांतरित किया जाना है। इन दुकानों का व्यवस्थापन के अधीन आवंटन लॉटरी प्रक्रिया से 25 अप्रैल को अपरान्ह 04:00 बजे कार्यालय नगर निगम रीवा के सभाकक्ष में किया जाएगा। परिषद द्वारा अनुमोदित सूची अनुसार मीट एवं मटन व्यवसायियों को सूचना प्रेषित की जा चुकी है। निगमायुक्त डॉ. सौरभ संजय सोनवणे द्वारा मीट एवं मटन व्यवसायियों से लॉटरी प्रक्रिया में सम्मिलित होने की अपेक्षा की गई है, ताकि शीघ्र ही शहर के सभी मीट एवं मटन व्यवसायियों को मटन मार्केट में शिफ्ट किया जा सके।

# प्रेम प्रसंग के बाद विवाह किया फिर दिया धोखा, पीड़िता ने महिला थाना में की शिकायत

**रीवा।** शहर के बिछिया थाना क्षेत्र में रहने वाली एक युवती ने एक युवक पर प्रेम जाल में फसाकर विवाह करने व धोखा देने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। बताया गया कि पहले मंदिर में शादी रचाई और इसके बाद दोनों साथ रहने लगे। दोनों शादी शुदा थे, उनकी मुलाकात न्यायालय में हुई थी जहां युवक का अपनी पत्नी और युवती का अपने पति से कुटुंब न्यायालय में विवाद चल रहा था। जान पहचान के बाद दोनों के बीच प्यार हुआ और मंदिर में विवाह कर लिया। अब युवती ने अपने प्रेमी पंकज चौरसिया निवासी महसाव गुढ़ के खिलाफ महिला थाना में शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। युवती का आरोप है कि इस दौरान उसका परिवार भी उसके साथ हो गया और उसके साथ मारपीट की गई जिसके कारण उसका बच्चा भी गिर गया। महिला फिर भी साथ में रहे ही रही थी तभी उसने कुछ ऐसा देखा इसके बाद बावल की स्थिति निर्मित हो गई। महिला थाने पहुंची पीड़िता ने बताया कि उसके पति का रिश्तेदार के साथ अनैतिक संबंध थे जिसे उसने आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया । तब पता चला कि आरोपी पति को उसकी पत्नी भी इसी कारण छोड़ कर चली गई थी। पीड़िता ने जब इसका विरोध किया तो उसके साथ पूरे परिवार ने मिलकर मारपीट की तभी उसका गर्भपात भी हो गया। महिला के द्वारा इस बात की शिकायत महिला थाने में की गई है और आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की जा रही है। जिसके बाद महिला थाना पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर कार्रवाई में जुटी हुई है।

# खरीदी केन्द्रों में बारदानों का अभाव: किसान सुब्रत

**रीवा।** किसान सुब्रत द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार करहिया कृषि उपज मंडी प्रांगण में बारदाने ना होने के कारण समर्थन मूल्य में गेहूं की खरीदी नहीं हो पायी। जहां उठाव ना होने से शेड भरे हुए हैं वहीं अब बारदानों की कमी से सुबह से खरीदी नहीं हो पायी। दोपहर तक वारदाने नहीं पहुच पाये, किसान इन्तजार करते रहे । किसान सुब्रत ने प्रदेश सरकार जिला प्रशासन से मांग की है कि शासन द्वारा निर्धारित नीतियों का तत्काल क्रियान्वयन करा किसानों को राहत दी जाय ।उठाव ना होने से शेड भरे हैं। शेड के आसपास जो जगह कृषि उपज मंडी प्रांगण में खाली है, वहां खरीदी सुनिश्चित की जाय।

# आरटीओ ने पकड़ी बिना परमिट की बस

**रीवा।** रीवा आरटीओ को शिकायत प्राप्त हुई थी कि रीवा से चाकघाट मार्ग पर चलने वाली यात्री बसें यात्रियों को कटरा बायपास पर ही उतारकर चली जाती हैं। इससे यात्रियों को काफी असुविधा होती है। आरटीओ रीवा ने तत्काल परिवहन सुरक्षा स्क्वाड को मौके पर भेजकरजांचकराई। इसमें 6 बसों पर चालानी कार्रवाई की गई। वहीं शुक्ला ट्रेवल्स की एक बस यूपी 70 सीटी 3865 बिना परमिट चाकघाट की तरफ से आ रही थी। बस के दस्तावेजों की जाचं की गई। जांच में परमिट नहीं मिला। बस जब्त कर गढ़ थाना के सुपुर्द किया गया है।

# राष्ट्रीय पंचायत दिवस का हुआ आयोजन



**रीवा।** जिले भर में राष्ट्रीय पंचायत दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। रीवा एवं मऊगंज जिले में जिला स्तर, जनपद पंचायत स्तर तथा समस्त ग्राम पंचायतों में राष्ट्रीय पंचायत दिवस से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किये गये। समारोह में प्रधानमंत्री जी के विहार में आयोजित कार्यक्रम का सीधा, प्रसारण देखा गया। जिला पंचायत रीवा में अध्यक्ष नीता कोल की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में पंचायत के अधिकारों तथा जनप्रतिनिधियों की अधिकारियों एवं कर्मचारियों के समन्वय से कार्य करने पर चर्चा हुई। स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन तथा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण की गतिविधियों से आमजनों को जोड़ने की बात कही गई। ग्राम पंचायत स्तर में जन सहयोग से गांव की जल संरचनाओं की साफ सफाई व सुधार के कार्य कराने पर बल दिया गया। अध्यक्ष जिला पंचायत ने अपेक्षा की कि गांवों को सशक्त व सुविधा संपन्न बनाने में सभी सहभागी बनें। संविधान के 73वें संशोधन के लागू होने से पंचायतों को संवैधानिक दर्जा मिलने से लोकतंत्र का जमीनी स्तर पर मजबूत होना पंचायतराज की सफलता है। कार्यक्रम में गत दिनों कश्मीर में हुए हमले में मृतकों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर तथा जिला पंचायत के सदस्य एवं अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहना चाहिए

**रीवा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश मोहन प्रधान के मार्गदर्शन एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समीर कुमार मिश्र के नेतृत्व में सेंट्रल एकेडमी विद्यालय में नशा उन्मूलन के संबंध में विधिक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समीर कुमार मिश्र ने नशे की लत के दुष्परिणाम से अवगत कराते हुए कहा कि नशे की लत के कारण ही व्यक्ति कमजोर होता है और समाज एवं परिवार की मुख्य धारा से कट जाता है। नशा अपराध की जड़ है, इसलिए युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहना चाहिए। अपने शरीर को स्वस्थ्य रखें व समाज व परिवार की उन्नति हेतु अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यालय में एन्टी ड्रग क्लब की स्थापना होनी चाहिए ताकि विद्यालय के विद्यार्थी नशे की लत का शिकार न हो सके। जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय कुमार मिश्रा ने नशा उन्मूलन योजनाओं एवं निःशुल्क विधिक सहायता योजना के बारे में जानकारी दी।

# समस्याओं को लेकर एनएसयूआई ने कॉलेज घेरा



**रीवा।** प्रधानमंत्री ऑफ एक्सीलेंस कॉलेज मॉडल साइंस महाविद्यालय में एनएसयूआई जिलाध्यक्ष पंकज उपाध्याय के नेतृत्व में छात्र छात्राओं की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रचार्य कक्ष का घेराव किया गया। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष पंकज उपाध्याय ने बताया कि मॉडल साइंस महाविद्यालय में छात्र छात्राओं से जबरन बस की फीस वसूली जा रही है। जबकि जो छात्र छात्राएं बस का प्रयोग ही नहीं करते,वो आस-पास से ही आते हैं परंतु परीक्षा फार्म रोका गया उनके आईडी कार्ड रोके जा रहे हैं। क्योंकि उन्होंने बस की फीस नहीं दी। दूसरा महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं के किसी त्रुटि की वजह से कुछ प्रैक्टिकल पेपर छूट गए थे जिसकी विश्वविद्यालय ने जो फीस निर्धारित की है वह एक सब्जेक्ट की 3500 रु.निर्धारित की है जो कि गलत है। महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं की फीस भी जमा की जा रही है जो कि ऑफलाइन हो रही है परंतु वहां भी पोर्टल चार्ज लिया जा रहा है। एनएसयूआई इसका कड़े तौर पर विरोध करता है। जल्द से जल्द निराकरण न होने पर हम एक हफ्ते के अंदर विश्वविद्यालय में बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा।


## नाम सुधार सूचना

दिनेश प्रसाद पटेल आर्मी नं. जे.सी. 678268 एफ रैंक एन.बी./एस.यू.बी. ग्राम रमपुरवा पो.आ. सुजवार थाना व तह. मनगवां जिला रीवा म.प्र. का निवासी है, आर्मी सर्विस रीकार्ड में त्रुटिवश नाम के अग्रेजी DINESH PRASAD PATEL लिखा गया जब कि अंकसूची एवं अन्य दस्तावेज में DINESH है इसलिए आर्मी के सर्विस रीकार्ड में भी DINESH PRASAD PATEL किया जाय व पढ़ा जाय।

**दिनेश प्रसाद पटेल**

RN. 82224



## उत्तर मध्य रेलवे

निविदा सं.- JHSW-MNP-25-07 **निविदा सूचना** दिनांक- 23.04.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए **मुख्य कारखाना प्रबंधक वैगन रिपेयर झाँसी, उत्तर मध्य रेलवे** के द्वारा वैगन रिपेयर कारखाना झाँसी में निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाइन (ई-टेंडर) आमंत्रित करते हैं।

**कार्य का नामः** वैगन मरम्मत कारखाना झाँसी में स्थापित रोलर बियरिंग क्लीनिंग प्लांट (Make- Ultramax Hydrojet Pvt Ltd) संयंत्र संख्या 985 के लिए व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध पांच वर्ष के लिए।

| अनुमानिल लागत | धरोहर राशि | कार्य पूर्ण होने की अवधि |
|---|---|---|
| ₹45,18,529.67/- (रूपये पैतालीस लाख अठारह हजार पांच सौ उनतीस एवं सरसठ पैसे केवल) | ₹90,400/- (रूपये नब्बे हजार चार सौ केवल) | 60 माह |

**निविदा बंद होने की तिथिः 21.05.2025 समय 15.00 बजे। 1. निविदा दिनांक 21.05.2025 को 15.00** बजे बन्द होगी एवं भारतीय रेलवे की ई-टेंडर वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। 2. निविदा की सम्पूर्ण जानकारी के लिए भारतीय रेलवे की ई-टेंडर वेबसाइट www.ireps.gov.in को देखें। **703/25 FA**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in


# पिता की हत्या में शामिल आरोपी परिवार को दे रहे जान से मारने की धमकी: आरोप

## पीड़ित ने पुलिस अधिकारियों से जान माल की सुरक्षा कर कार्रवाई की उठाई मांग

**जागरण, रीवा।** शहर के बिछिया थाना क्षेत्र अंतर्गत लखैया गांव के पास पिछले माह जमीनी विवाद में शहर से पान की दुकान बंदकर गांव जा रहे छोटे लाल यादव के ऊपर लाठी डंडे से हमला कर आरोपियों ने उनकी जान ले ली थी। घटना में शामिल कुछ आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पीड़ित परिवार गुरुवार को अपनी जान की सुरक्षा की गुहार लेकर पुलिस अधिकारियों के कार्यालय पहुंचा और हत्या में शामिल आरोपियों को अभयदान देने का आरोप लगाते हुए जान माल के सुरक्षा की गुहार लगाई। पीड़ित परिवार का आरोप है कि पुलिस ने जिन आरोपियों को अभयदान दिया अब अब वहीं आरोपी मामले की पहल कर रहे परिजनों को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित ने बताया कि उसने थाने के अंदर बैठकर एफआईआर दर्ज कराई थी, जिसमें सभी आरोपियों के नाम लिखे गए थे, लेकिन जब उन्हें दूसरे दिन एफआईआर की कॉपी मिली तो दो आरोपियों के नाम उसमें नहीं लिखे गए जो अब उन्हें जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। घटना 25 मार्च 2025 की है, जहां जमीनी विवाद के कारण लखैया ग्राम निवासी छोटे लाल यादव की आरोपियों ने लाठी डंडे से पीट पीट कर हत्या कर दी थी। बताया गया कि यह घटना उस समय हुई जब चिरहुला मंदिर के पास से मृतक अपनी चाय की दुकान बंद करके वापस आ रहा था। आरोप है कि इस घटना के प्रत्यक्षदर्शी के द्वारा पांच लोगों के खिलाफ नामजद शिकायत की गई थी, लेकिन दो आरोपियों को छोड़ दिया गया, और अब वही लोग पीड़ित परिवार पर ताक लगा कर बैठे है। पीड़ित परिवार के द्वारा फिलहाल इस घटना की शिकायत पुलिस अधीक्षक कार्यालय सहित आईजी कार्यालय में की गई है ।

# पीके स्कूल में आज खुलेगी एडमिशन की लॉटरी

**रीवा।** सीएम राइज पीके स्कूल में कक्षा 1, 6 और 9वीं में प्रवेश के लिए जमा किए गए फार्म की लॉटरी शुक्रवार को सुबह 11 बजे खोली जाएगी। डीईओ प्रतिनिधि और अभिभावकों की मौजूदगी में लॉटरी निकाली जाएगी। इस लॉटरी में जिनका नंबर लगेगा। उन्हें ही प्रवेश मिलेगा। ज्ञात हो कि सीएम राइज पीके कन्या स्कूल में प्रवेश के लिए फार्म लेने अभिभावकों की लंबी लाइन लगी थी। सुबह से ही यहां भीड़ उमड़ पड़ती थी। फार्म जमा होने के बाद सभी को प्रवेश मिलने का इंतजार था। वह घड़ी आ गई है। शुक्रवार को स्कूल में लॉटरी निकाली जाएगी। पहली कक्षा के लिए 120, 6वीं के लिए 247 और 9वीं कक्षा में प्रवेश के लिए 558 फार्म जमा हुए थे। इन्हीं फार्म में सीटों के हिसाब से लॉटरी निकाली जाएगी। जिनका नंबर लगेगा। उन्हें ही प्रवेश दिया जाएगा। इसमें भी सरकारी स्कूल के छात्रों को पहली प्राथमिकता दी जाएगी। पहले 1 किमी के दायरे में आने वाले स्कूलों के छात्रों को प्रवेश दिया जाएगा। इसके बाद 3 किमी और फिर 5 किमी के दायरे में आने वाले सरकारी स्कूलों के छात्रों को प्रवेश दिया जाएगा। इसके बाद भी यदि सीटें बचती हैं तो फिर प्राइवेट स्कूलों के छात्रों को प्रवेश दिया जाएगा। स्कूल के प्राचार्य वरुणेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि लॉटरी के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से कोई न कोई अधिकारी मौजूद रहेगा।

# एआईएफबी ने व्यक्त की शोक संवेदना

**रीवा।** ऑल इण्डिया फारवर्ड ब्लाक मध्यप्रदेश के कार्यवाहक प्रदेशाध्यक्ष नागेन्द्र सिंह कल्चुरीने पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गये पर्यटकों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की है।


## कार्यालय कलेक्टर जिला सीधी (म.प्र.)

क्रमांक/ 01 /ई-गव./2025 सीधी,दिनांक 18/04/2025

//विज्ञप्ति//

कार्यालय कलेक्टर जिला सीधी हेतु कम्प्यूटर सह उपकरण उपलब्ध कराने हेतु निविदाएँ आमंत्रित की गयी है | निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी https://mptenders.gov.in पर उपलब्ध है | निविदा के संबंध मे जानकारी निम्नानुसार है :-

| क्र. | कार्यवाही | तिथि |
|---|---|---|
| 01 | निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 21-04-2025 17:00 |
| 02 | फार्म फीस | 5000 |
| 03 | EMD की राशि | 50000 |
| 04 | निविदा आमंत्रित करने की प्रारम्भ तिथि एवं समय | 21-04-2025 17:00 |
| 05 | निविदा आमंत्रित करने की अंतिम तिथि एवं समय | 05-05-2025 17:00 |
| 06 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 06-05-2025 17:00 |
| 07 | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 07-05-2025 17:00 |

अधिक जानकारी हेतु कार्यालय कलेक्टर एवं जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी के कक्ष क्रमांक 43 भू-तल मे संपर्क किया जा सकता है | यदि उपरोक्त सूचना मे कोई परिवर्तन किया जाता है तो इसकी सूचना पृथक से https://mptenders.gov.in एवं https://sidhi.nic.in मे प्रदान की जाएगी |

(अंशुमन राज)
अपर कलेक्टर
जिला सीधी (म.प्र.)

G-11936/25



## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरुरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।


# चोरी के शातिर बदमाशों को पुलिस ने पकड़ा

**जागरण, रीवा।** शहर के बिछिया थाना क्षेत्र अंतर्गत अलग-अलग चोरी की दो घटनाओं में शामिल दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर चोरी की घटना का खुलासा कर दिया है। बिछिया पुलिस ने शातिर बदमाश अब्दुल रशीद एवं संजीव कुमार पाण्डेय को गिरफ्तार कर चोरी गई सामग्री बरामद कर ली है। बिछिया पुलिस से हासिल जानकारी के मुताबिक बुधवार को पी.टी.एस. कैम्पस परिसर में प्रवेश कर कैम्पस परिसर स्थित पंप हाऊस के अन्दर से बिजली का तार एवं पानी की टंकी में लगे नल की टोंटी चोरी कर ले जाने प्रधान आरक्षक 31 राजीव कुमार पाण्डेय निवासी पी.टी.एस. की सूचना पर चोरी का मामला पंजीबद्ध किया गया था इसके साथ ही पी.एम. श्री शासकीय प्राथमिक शाला मॉडल क्रमांक-02 के अन्दर अज्ञात चोर द्वारा विद्यालय का ताला तोड़कर विद्यालय के अन्दर प्रवेश चार नग कुर्सी, एक नग हैलोजन लाइट वगैरह चोरी कर ली गई थी, जिसकी शिकायत भी प्राचार्य द्वारा थाना में दर्ज करवाई गई थी। पुलिस ने दोनों मामलों में संदेही अब्दुल रशीद खान पिता शाहिद खान उम्र 24 वर्ष निवासी धोबिया टंकी थाना बिछिया जिला रीवा गिरफ्तार किया है। पूछताछ जारी है।


## न्यायालय सुश्री रूचि परते, व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड मझौली, जिला-सीधी (म.प्र.)

**Presiding Officer-** सुश्री रूचि परते
संलग्न नोटिस प्रकाशन हेतु
प्रकरण क्रमांक RCSA/126/2024
संगीता सोनी वगैरह ....वादीगण।
बनाम
प्रवीण कुमार सोनी वगैरह ...प्रतिवादीगण।
प्रोसेस नंबर.-79/2025
पेशी दिनांक 08.05.2025

प्रषिती-

(1) प्रवीण कुमार सोनी माता स्व. सुशीला सोनी पिता स्व. सीताशरण सोनी उम्र 39 वर्ष ग्राम जुडमनिया तहसील मऊगंज जिला सीधी म.प्र.। (2) शिवम सोनी पिता सुरेश प्रसाद सोनी निवासी शंकर वार्ड कली मुहल्ला पोस्ट नरसिंहपुर जिला जबलपुर म.प्र.।

उपरोक्त प्रतिवादी क्रमांक 1, 2 को सूचित किया जाता है कि वादीगण संगीता सोनी माता स्व. सुशीला सोनी पिता स्व. सीताशरण सोनी उम्र 35 वर्ष सा. देवतालाब पोस्ट देवतालाब तहसील नईगढ़ी जिला मऊगंज म.प्र. वर्तमान पता ग्राम ब्योहारी नगर पंचायत ब्योहारी जिला शहडोल म.प्र. ने प्रतिवादी प्रवीण कुमार सोनी माता स्व. सुशीला सोनी पिता स्व. सीताशरण सोनी उम्र 39 वर्ष ग्राम जुडमनिया तहसील मऊगंज जिला सीधी म.प्र. के विरूद्ध इस न्यायालय में वाद पत्र अंतर्गत धारा 34 व 38 विशिष्ट अनुतोष अधिनियम का वादपत्र स्वत्व घोषणा एवं स्थाई व्यादेश बावत् पेश किया है, जिसकी सुनवायी दिनांक 08.05.2025 को नियत है। यदि आप उक्त प्रकरण में स्वत्व घोषणा एवं स्थाई व्यादेश जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 08.05.2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहे। सूचना उपरांत, अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एकपक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 22.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

(सुश्री रूचि परते)
व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड
मझौली, जिला-सीधी (म.प्र.)

RN. 82224


# निजी चिकित्सालयों ने बंद की कैशलेस सेवाएं

**रीवा।** प्राइवेट नर्सिंग होम एसोसिएशन द्वारा कुछ मेडिक्लेम कंपनियों की मनमानी से परेशान होकर उनके साथ सम्बन्ध विच्छेद करने का निर्णय लिया है। इसमें प्रमुख रूप से स्टार हेल्थ इंश्योरेन्स, आईसीआईसीआई लोम्बार्ड और एमडी इंडिया टीपीए शामिल हैं। इन कंपनीओं के साथ काम करने में सबसे प्रमुख समस्या यह है कि चिकित्सा दरों का पुनरीक्षण न कर पुराने दरों से उपचार लेना एवं बहाना बनाकर चिकित्सालयीन क्लेम बिल को रिजेक्ट कर देना। ऐसी स्थिति में मरीजों एवं चिकित्सालयों को सीधा आर्थिक नुक्सान उठाना पड़ रहा है। इस सम्बन्ध में नर्सिंग एसोसिएशन रीवा के द्वारा सामूहिक निर्णय लिया जाकर कंपनियों के साथ अनुबंध तत्काल प्रभाव से समाप्त कर, कंपनियों से सम्बंधित मेडिक्लेम कार्ड पर उपचार सुविधा बंद कर दिया गया है। अब इन


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग सिगरौली (म.प्र.)

निविदा आमत्रण ई-टेन्डरिंग
म.प्र.शासन

निविदा सूचना क्रमांक 02/ई-टेन्डरिंग/2025-26 सिंगरौली, दिनांक 17.04.2025

निम्नलिखित कार्यो की निविदा ऑनलाईन के माध्यम से पंजीकृत संविदाकारों एवं कम्पनियों पूर्ण पंजीकरण मापदण्ड से आमंत्रित किये जाते है।

| स.क्र | जिला | ऑनलाईन टेंडर क्रमांक | निविदा आमंत्रण का काल | कार्य का नाम | पी.ए.सी. (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने का समय | भौतिक रूप से एनवलप प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | सिगरौली | 2025_PWDRB_417663 | प्रथम आमंत्रण | उपसंभाग बैढ़न मुख्यालय बैढ़न अंतर्गत आवासीय भवनों का मरम्मत कार्य। | 16.45 | 32900 | 2000 | 03 माह | भौतिक रूप से एनवलप इस कार्यालय में स्वीकार नही किये जावेंगें, केवल ऑनलाईन ही मान्य होंगे। |
| 2 | सिगरौली | 2025_PWDRB_417666 | प्रथम आमंत्रण | उपसंभाग बैढ़न मुख्यालय बैढ़न अंतर्गत गैर-आवासीय भवनों का मरम्मत कार्य। | 16.70 | 33400 | 2000 | 03 माह | भौतिक रूप से एनवलप इस कार्यालय में स्वीकार नही किये जावेंगें, केवल ऑनलाईन ही मान्य होंगे। |
| 3 | सिगरौली | 2025_PWDRB_417668 | प्रथम आमंत्रण | उपसंभाग देवसर अंतर्गत मुख्यालय देवसर के आवासीय भवनों का मरम्मत कार्य। | 10.46 | 20920 | 2000 | 03 माह | भौतिक रूप से एनवलप इस कार्यालय में स्वीकार नही किये जावेंगें, केवल ऑनलाईन ही मान्य होंगे। |
| 4 | सिगरौली | 2025_PWDRB_417670 | प्रथम आमंत्रण | उपसंभाग देवसर अंतर्गत मुख्यालय देवसर के गैर-आवासीय भवनों का मरम्मत कार्य। | 5.73 | 11460 | 2000 | 03 माह | भौतिक रूप से एनवलप इस कार्यालय में स्वीकार नही किये जावेंगें, केवल ऑनलाईन ही मान्य होंगे। |
| 5 | सिगरौली | 2025_PWDRB_417671 | प्रथम आमंत्रण | उपसंभाग देवसर अंतर्गत सेक्सन सरई के आवासीय एवं गैर-आवासीय भवनों का मरम्मत कार्य। | 5.76 | 11520 | 2000 | 03 माह | भौतिक रूप से एनवलप इस कार्यालय में स्वीकार नही किये जावेंगें, केवल ऑनलाईन ही मान्य होंगे। |
| 6 | सिगरौली | 2025_PWDRB_417673 | प्रथम आमंत्रण | उपसंभाग देवसर अंतर्गत सिविल कोर्ट कैम्पस देवसर में शेड एवं छत मरम्मत का कार्य। | 8.47 | 16940 | 2000 | 03 माह | भौतिक रूप से एनवलप इस कार्यालय में स्वीकार नही किये जावेंगें, केवल ऑनलाईन ही मान्य होंगे। |
| | | | | योग- | 63.57 | | | | |

1. ऑनलाईन पोर्टल https:mpetenders.gov.in/nicgep/app के माध्यम से निविदा प्रपत्र क्रय करने तथा ऑनलाईन बिड सबमिशन की प्रारम्भिक तिथि दिनांक 25.04.2025 से अंतिम तिथि दिनांक 12.05.2025 सांय 17:30 तक निर्धारित है। निविदा दिनांक 14.05.2025 को खोली जावेगी।
2. निविदा संबंधी दस्तावेज केवल आनलाईन ही मान्य किये जायेंगे।
3. निविदा से संबंधित संशोधित समय परिवर्तन आदि की सूचना केवल बेबसाईट के माध्यम से दी जावेगी।
4. विस्तृत निविदा आंमत्रण सूचना व अन्य जानकारियॉ उपरोक्त बेबसाईट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग
संभाग सिंगरौली (म0प्र0)

G-11899/25








## लोन

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट ( एजेंट आमंत्रित ) संपर्क - 8962086944

## आईटीआई मऊगंज में युवा संगम कार्यक्रम आज

**रीवा।** कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन के निर्देशन में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मऊगंज में 25 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक युवा संगम कार्यक्रम आयोजित किया गया है। युवा संगम कार्यक्रम के तहत आयोजित रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में 6 कंपनियों एवं नियोजकों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों हेतु युवक एवं युवतियों की आयु सीमा 18 से 48 वर्ष के बीच निर्धारित की गई है। वेतन एवं भत्ते 8500 रुपए से 25 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है। वेतन एवं भत्ता तथा आयु सीमा विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग होगी। युवाओ को अपने साथ मूल अंकसूची तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा।


विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ
समय- प्रतिदिन सुबह 10 से 2 एवं शाम 4 से 7 बजे तक रविवार अवकाश
परामर्शः-
डॉ. कोम्पल अग्रवाल
MBBS, MD (Dermatology & STD)
चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
अत्याधुनिक Laser द्वारा Hair Removal, Tatto Removal एवं Facial की सुविधा उपलब्ध
दाद, खाज, खुजली, एक्जिमा, सोरायसिस, सफेद दाग, चेहरे की कील, मुहांसे, बालों का झड़ना, गंजापन, इत्यादि समस्त चर्म, नाखून, बाल एवं यौन संबंधी समस्याएं।
विशेषः- Co2 एवं MNRF LASER के द्वारा पिम्पल के गड्ढे, दाग, झुर्रियाँ Stretch Marks, आदि के लिए इलाज की सुविधा
मो.-7247097637
परामर्श शुल्क 300/-
सौन्दर्य क्लीनिक शॉप नं. 86 तानसेन कॉम्पलेक्स कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के सामने सिरमौर चौराहा रीवा (म.प्र.)



कैंसर OPD
नागपुर के प्रसिद्ध कैंसर रोग विशेषज्ञ अब आपके शहर रीवा में
26 अप्रैल 2025, शनिवार
प्रत्येक माह के दूसरे एवं चौथे शनिवार को रीवा में
समयः सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक
डॉ. भास्कर सिंह
MBBS, MS, FMAS, DNB कैंसर विशेषज्ञ (सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
अगर आप निम्नलिखित किसी भी बिमारी से पीडित है, तो हमारे डॉक्टर से मिले
●लंबे समय से बुखार होना या वजन घटना। ●लगातार कष्टदायक खाँसी या आवाज मे असामान्य बदलाव होना। ●खाना निगलने में तकलीफ होना या लगातार बदहजमी कि शिकायत। ●शरीर के किसी भी अंग से असामान्य तरीके से रक्तस्त्राव होना। ●शरीर के किसी भी अंग मे हुआ घाव लंबे समय बाद भी ना भरता हो। ●शौच या पेशाब की आदतों मे विशेष बदलाव होना। ●शरीर के किसी अंग में या स्तनो पर सूजन, गाँठ या कड़ापन महसूस होना। ●शरीर के किसी भी अंग पर तिल या मस्से मे विशेष बदलाव दिखना।
पंजीयन प्रारम्भ - निःशुल्क पंजीयन
मो.: 9399312433, 9981287311



दैनिक जागरण
रीवा संस्करण की 72 वीं वर्षगांठ पर हार्दिक शुभकामनाएं
प्रो०- राघवेन्द्र सिंह (राघव) M.9300686892,9617933767
जयभान सिंह P.07662-255772
मे.राघव कृषि केन्द्र
सभी प्रकार के उन्नतशील बीज, कीटनाशक दवायें हाइब्रिड बीज एवं स्प्रे पम्प के थोक एवं फुटकर विक्रेता।
छत्रपति शिवाजी मार्केट, विक्रम पुल रोड, रीवा (म० प्र०)



दैनिक जागरण रीवा संस्करण की 72वीं वर्षगांठ पर हार्दिक शुभकामनाएं
PENTIUM POINT
GROUP OF INSTITUTIONS
Approved by BCI, PCI, AICTE & MPHED
OUR REGULAR COURSES
JOB ORIENTED COURSES
LAW
•BA LLB
•BBA LLB
•B.COM LLB
•LLB
•LLM
PHARMACY
• B. Pharma
• D. Pharma
MANAGEMENT
•BBA
•MBA
SPECIAL
• BCA
• M.SC (Biotech)
• M.Sc (CS)
• MSW
OTHER
• BA, MA
• B.Sc
• M.SC (Che./Phy.)
• B.Com, M.Com
07662438035, 9993208439, 8349633349, 9993484354
www.ppgirewa.com pptcrewa@rediffmail.com
Head Office: Hedgewar Nagar, Near College Chowk, Rewa (M.P.)
New Campus: Semariya Road, Karahiya, Rewa (M.P.)



दैनिक जागरण रीवा संस्करण की 72वीं वर्षगांठ पर हार्दिक शुभकामनाएं
SAI PUBLIC SCHOOL

FIRST SCHOOL IN MP
OFFERING ROBOTICS & ARTIFICIAL INTELLIGENCE
ADMISSION OPEN
CBSE PATTERN
2025-26
NURSERY TO 12th
Remedial classes throughout the year
8966994700, 8087027485
www.saipublicschool.co.in saipublicschool.rewa@gmail.com
Near Sadhu Shree Marriage Garden, Shardapuram, Rewa.




दैनिक जागरण
रीवा संस्करण की 72 वीं वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं
चन्द्रशेखर पटेल (सोनौरा)
युवा कांग्रेस नेता, रीवा (म.प्र.)
मो. 9039586899,8770233585



दैनिक जागरण रीवा संस्करण की 72वीं वर्षगांठ पर हार्दिक शुभकामनाएं
Hero
MARCH MEGA DEAL

NEW HF Deluxe
*T & C APPLY
INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY *Conditions apply
टोल फ्री 1800 266 0018
आधार कार्ड^ पर लोन व कैश EMI
SAVING UPTO ₹5000*
5% इंस्टेंट डिस्काउंट^ चुनिंदा कार्डों पर
बद्रिका मोटर्स प्रा. लि.
1 उर्रहट, रीवा, मो.: 9752263333, 9752499590, 7024116451
2 ट्रांसपोर्टनगर, रीवा, मो. : 9630451716



दैनिक जागरण रीवा संस्करण की 72वीं वर्षगांठ पर हार्दिक शुभकामनाएं
MAHARAJA PUBLIC SCHOOL
AFFILIATED TO CBSE, NEW DELHI - AFF NO: 1030591 & SCHOOL CODE: 50566
EVERY CHILD IS SPECIAL!

विंध्य क्षेत्र का सर्वश्रेष्ठ आवासीय विद्यालय
ADMISSION OPEN 2025-26
• BCCI APPROVED CRICKET GROUND.
• SEMI OLYMPIC SIZE SWIMMING POOL.
• EXPERT TEACHING FACULTY FROM ACROSS INDIA.
• 15 ACRES LUSH GREEN SAFE AND SECURE CAMPUS.
• HYBRID CURRICULUM FOR HOLISTIC CHILD DEVELOPMENT.
• ARCHERY, FOOTBALL, CRICKET, BADMINTON, BASKET BALL.
• ALL ROUND DEVELOPMENT THROUGH "EXPERIENTIAL LEARNING".
NH - 30 REWA SATNA ROAD BELA, SATNA M.P - 485115
REGISTER NOW www.maharajapublicschoolbela.com
+91 871 881 0201
+91 871 881 0202

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

## संपादकीय

# आतंकवाद पर कड़ा प्रहार और विकास का संकल्प

पंचायती राज दिवस के अवसर पर बिहार के मधुबनी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन, देश की आंतरिक और बाह्य सुरक्षा के साथ-साथ ग्रामीण विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का एक सशक्त प्रमाण था। पहलगाम में हुए बर्बर आतंकी हमले की उन्होंने जिस कठोर शब्दों में निंदा की, वह न केवल आतंकवाद के खिलाफ भारत के दृढ़ संकल्प को दर्शाता है, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को भी एक स्पष्ट संदेश देता है कि भारत अब किसी भी तरह के आतंकी कृत्य को बर्दाश्त नहीं करेगा।

प्रधानमंत्री ने न केवल आतंकवादियों को चेतावनी दी, बल्कि उनके समर्थकों को भी स्पष्ट रूप से बता दिया कि उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। यह एक महत्वपूर्ण संदेश है, क्योंकि आतंकवाद को अक्सर सीमा पार से समर्थन मिलता है, जो इसे और भी जटिल बना देता है। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को भी यह संदेश दिया कि मानवता में विश्वास रखने वाले सभी देश इस लड़ाई में भारत के साथ हैं। यह वैश्विक एकजुटता का आह्वान है, जो आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में महत्वपूर्ण है।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सरकार आतंकवादियों को न्याय के कटघरे में लाने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। यह एक प्रतिबद्धता है, जो देशवासियों को सुरक्षा का आश्वासन देती है। उन्होंने यह संदेश अंग्रेजी में दिया ताकि यह संदेश दुनिया भर में सुना जा सके।

आतंकवाद के खिलाफ इस कठोर संदेश के साथ-साथ, प्रधानमंत्री ने ग्रामीण विकास पर भी जोर दिया। पंचायती राज संस्थाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने लगभग 13,500 करोड़ की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया, जो ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं।

> प्रधानमंत्री ने न केवल आतंकवादियों को चेतावनी दी, बल्कि उनके समर्थकों (आकाओं) को भी स्पष्ट रूप से बता दिया कि उन्हें बख्शा नहीं जाएगा।

यह राशि ग्रामीण बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में निवेश की जाएगी, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा और लोगों के जीवन स्तर में सुधार होगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था ग्रामीण विकास का आधार है और स्थानीय लोगों को अपनी समस्याओं का समाधान करने का अधिकार देती है। उन्होंने पंचायती राज संस्थाओं को अधिक स्वायत्तता देने का आह्वान किया।

प्रधानमंत्री मोदी का यह भाषण आतंकवाद के खिलाफ एक मजबूत संदेश और ग्रामीण विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का एक संतुलित मिश्रण था। यह उम्मीद की जाती है कि सरकार अपने वादों को पूरा करेगी और देश को सुरक्षित और समृद्ध बनाने के लिए काम करेगी। मधुबनी से गूंजा यह संदेश न केवल देशवासियों के लिए, बल्कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए भी महत्वपूर्ण है। यह आतंकवाद के खिलाफ भारत के दृढ़ संकल्प और विकास के प्रति उसकी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह एक ऐसा संदेश है जो आने वाले समय में भारत की नीतियों और कार्यों को दिशा देगा।

## प्रसंगवश

# राष्ट्रीय स्तर पर कानूनी व्यवस्था का अभाव

दुनिया भर में लगभग सभी देशों में स्कूली बच्चों की सेहत को लेकर बहुस्तरीय कार्यक्रम चलाए जाते हैं, जरूरी होने पर नियम-कायदे भी लागू किए जाते हैं। इसके बावजूद आज भी बहुत सारे देशों में स्कूल परिसरों और उसके आसपास उपलब्ध खानपान की चीजें विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर कैसा असर डालेंगी, उसे ध्यान में रख कर ठोस नियम लागू नहीं किए जाते।

संयुक्त राष्ट्र आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक संगठन यानी यूनेस्को की ताजा 'वैश्विक शिक्षा रपट' में यह तथ्य उजागर हुआ है कि केवल साठ फीसद देशों के स्कूलों में भोजन और पेय पदार्थों को विनियमित करने वाले कानून और मानक हैं। यानी आज भी ऐसे बहुत सारे स्कूल हैं, जहां बच्चों को खाने-पीने के सुरक्षित सामान नहीं मिलते और करीब चालीस फीसद देशों की सरकारें इसे गंभीरता से नहीं लेतीं। असुरक्षित खाद्य और पेय पदार्थों की बिक्री को प्रतिबंधित करने के उपाय नहीं किए गए हैं। विडंबना है कि इस मसले की गंभीरता को जानते-बूझते हुए भी न तो सरकार की ओर अपेक्षित सख्ती बरती गई और न ही स्कूलों ने अपनी ओर से कोई गंभीरता दिखाई। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि वैश्विक स्तर पर पैदा हो रहे संघर्ष के हालात और अस्थिरता की वजह से जिस तरह खाद्य सुरक्षा की चुनौतियां बढ़ रही हैं, उसके बीच पोषणयुक्त भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित करना स्कूली बच्चों की सेहत के साथ शिक्षा के क्रम को जारी रखने और उसे बेहतर बनाने के लिए बहुत जरूरी है।

स्कूल भोजन प्रावधान पर केंद्रित एक अन्य सर्वेक्षण में पाया गया कि 72 प्रतिशत देशों ने स्कूल परिसर में

> संयुक्त राष्ट्र आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक संगठन यानी यूनेस्को की ताजा 'वैश्विक शिक्षा रपट' में यह तथ्य उजागर हुआ है कि केवल साठ फीसद देशों के स्कूलों में भोजन और पेय पदार्थों को विनियमित करने वाले कानून और मानक हैं।

खाद्य विपणन पर कुछ सीमाओं की सूचना दी और 52 प्रतिशत ने स्कूल परिसर में या उसके आस-पास अनुमत खाद्य पदार्थों पर राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिबंध लगाए। रिपोर्ट के अनुसार, स्वास्थ्य, पोषण, कृषि और खाद्य प्रणालियों सहित कई क्षेत्रों में शिक्षा और प्रशिक्षण के माध्यम से सभी स्तरों पर क्षमता निर्माण की आवश्यकता है। शिक्षा और पोषण के बीच संबंधों पर कम शोध किया गया है, जिसमें डेटा संग्रह और कार्यक्रमों और परिणामों की निगरानी शामिल है।स्कूल प्रबंधन भी खानपान की ऐसी चीजों की बिक्री की अनदेखी करते हैं। इस संबंध में राष्ट्रीय स्तर पर कोई ठोस मानक या कानूनी व्यवस्था न होने की वजह से स्कूल प्रबंधन भी खानपान की ऐसी चीजों की बिक्री की अनदेखी करते हैं। हालांकि इसे लेकर आए दिन सरकार के संबंधित महकमों की ओर से स्कूलों को निर्देश जारी किए जाते हैं कि वे अपने परिसर में या उसके आसपास उन खाद्य या पेय पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाएं जो बच्चों की सेहत के लिए जोखिम भरे हैं।



# ज्ञान वही जो निरभिमान बना दे...



सद्ज्ञान कहीं से भी मिले उसे प्राप्त करने में ही मनुष्य का कल्याण है... भगवान दत्तात्रेय ने चौबीस गुरु इसी यत्र-तत्र-सर्वत्र बिखरे हुए ज्ञान प्राप्ति की लालसा में बनाये थे... कहते हैं मनुष्य को पशु-पक्षियों तक के आचरण से ज्ञान सीखने का प्रयास करना चाहिए...

किन्तु क्या ऐसा हो पाता है...? इंसान की तृष्णा... मनुष्य का गर्व... आदमी का अहंकार... क्या उसे कभी निश्छल मन और निर्मल बुद्धि से... सृष्टि में सर्वत्र बिखरे हुए श्रेष्ठ ज्ञान को ग्रहण करने देता है...? मुझे एक कथानक स्मरण आता है कि...

एक बड़ा सामंत था... उसे एक दिन मालूम पड़ा कि उसके प्रान्त में एक बड़ा ज्ञानवान तपस्वी आया हुआ है... दरबारियों ने सलाह दी उसके दर्शन जरूर करो कुछ ज्ञान ही मिलेगा...

सामन्त दो-चार अनुचरों को लेकर... रथ दौड़ाता हुआ घोर जंगल में उस महात्मा के पास पहुँचा... चार बातें हुईं... सामंत को महात्मा के उपदेश बहुत अच्छे लगे... उसके मन में भी ज्ञान प्राप्ति की लालसा जागी... सामंत ने महात्मा से कहा... मेरे गुरु बन जाइये मुझे मंत्र दीजिए... महात्मा बोले... बस इतनी सी बात... कमंडल उठाया... कहा लो सामंत हाथ में जल लो... मैं तुम्हें अभी गुरु मंत्र देता हूँ...

सामंत चौंका...उस के अहंकार ने डंक मारा अरे...! यह क्या मैं इतने विशाल प्रान्त का सामंत क्या ऐसे ही साधारण रूप से मंत्र ले लूँगा ? लोग मेरी खिल्ली नहीं उड़ायेंगे...? उन्हें कैसे मालूम पड़ेगा कि... अब श्रेष्ठ सामंत भी ज्ञान और धर्म की राह पर चल पड़ा है..? सो सामंत बोला हे तपस्वी..! आप मेरे प्रान्त की राजधानी में पधारें... मेरे राजमहल में आयें... मैं उत्सव मनाऊँ... दीपमाला सजाऊँ... नगर सजाऊँ... नात-रिश्तेदारों को... मित्रों व प्रजाजनों को आमंत्रित करूँ... आप का सम्मान कर पूजा-अर्चना करूँ... तब आप मुझे गुरु मंत्र दें ऐसी मेरी प्रार्थना है...

तपस्वी ने अपने अर्ध-मुदित नेत्र खोले... सामंत को ध्यान से देखा... बोला... अच्छा तो फिर कल आ जाऊँ तेरे राजमहल में... सामंत फिर चौंका... नहीं-नहीं इतनी जल्दी नहीं... कम से कम एक पखवाड़े का तो समय दीजिए बड़ी तैयारी करनी होगी... तपस्वी बोला... ठीक है वत्स...! अगली अमावस की रात में आऊँगा तेरी राजधानी में... तेरे महलों में... तुझे मंत्र देने...

सामंत ने महल सजाया... नगर सजाया... हजारों नागरिकों... सैकड़ों रिश्तेदारों को बुलाया और नगर की सीमा के बाहर खड़ा हो इष्टजनों के साथ महात्मा की प्रतीक्षा करने लगा... किन्तु उस महात्मा के आने पर सामंत चौंका... यह क्या...? श्वेत वस्त्र पहनने वाला महात्मा... आज उन्मत्त की भाँति काले कपड़ों में लिपटा... धूल-धूसरित... हाथ में कपाल-खप्पड़ और लाठी लिए हुए चला आ रहा है... सामंत ने सोचा क्या कहेंगे सब लोग... तुमने इस मैले-कुचैले को अपना गुरु चुना... आज क्या हो गया इस महात्मा को ... इसने कैसा भेष बना डाला... पर सामंत मुँह से कुछ नहीं बोला... हाथ जोड़कर स्वागत किया और महात्मा को राजमहल ले गया... उसे सोने-चांदी के सिंहासन पर बैठाया... और बोला... महात्मा पहले स्नान कर लें... रेशमी उजले वस्त्र धारण कर लें... गले में स्वर्ण मंडित रुद्राक्ष और सोने व मोतियों की मालाएं पहन लें... पैरों में चन्दन की खड़ाऊँ धारण कर लें... तब मुझे मंत्र दें और फिर मनचाही गुरु दक्षिणा मांगें ...




तपस्वी ठहाका लगा कर हँसा... बोला हे सामंत...! जैसी तेरी मर्जी पर एक शर्त मेरी भी है.... तू मुझे पहले मेरी मुँह मांगी गुरु दक्षिणा देगा... तब फिर मैं तुझे गुरु मंत्र दूंगा... सामंत बोला इसमें कौन सी बड़ी बात है..... आप स्नान करके आइये... पहले मैं ही गुरु दक्षिणा के ऋण से मुक्त हो जाऊँगा... तब ही आप से मंत्र ग्रहण करूँगा...

महात्मा ने नहा-धोकर धवल रेशमी वस्त्र धारण किये... और... हाथ में वही कपाल-खप्पड़ और लाठी पकड़े... सोने-चांदी के सिंहासन पर आ बैठा... सामंत ने उसे तिलक लगाकर... दीप जलाकर... रुद्राक्ष सोने- मोती और पुष्प की मालाएँ पहनाकर उसका पूजन-वंदन किया और बोला...

गुरुवर बतलाइये अपनी गुरु दक्षिणा... महात्मा फिर ठहाका लगाकर हँसा... बोला बस मेरे इस छोटे से कपाल-खप्पड़ को तू हीरे मोतियों से भर दे... सामंत भी हँसा... बस इतना सा ही... नहीं... नहीं... कुछ बड़ा बतलाइये... महात्मा बोला... सामंत पहले तू इतना तो कर दे... जब नहीं कर पायेगा तब कुछ और बतलाऊंगा....

सामंत का फिर से अहंकार जागा और उसने आदेश दिया... थाल भरकर हीरे-मोती जवाहरात लाये जायें और इस कपाल-खप्पड़ में भर दिये जायें... किन्तु यह क्या... थाल-के-थाल हीरे-मोती-जवाहरात आते गये... महात्मा के हाथों में पकड़े कपाल-खप्पड़ में पड़ते गये... पर खप्पड़ खाली का खाली रहा... सामंत पसीने-पसीने हो गया... सभी रिश्तेदारों... नागरिकों और सेना तथा कर्मचारियों के सामने अब मेरी इज्जत कैसे बचे... खजाने के सारे हीरे-मोती -जवाहरात तो खत्म हो गये... पर तपस्वी महात्मा का कपाल- खप्पड़ खाली का खाली ही रहा...

सिर झुकाकर सामंत ने कहा... गुरुवर कुछ और बतलाइये... हीरे-मोती-जवाहरात तो अब खत्म हुए... महात्मा ने फिर ठहाका लगाया... बोला कोई बात नहीं... बच्चाऽऽ मेरे कपाल-खप्पड़ को तू सोने से भर दे... सामंत बोला... आपने कृपा की सोने का तो भंडार भरा है... परन्तु फिर वही स्थिति हुई... सामंत का सारा भंडार खाली हो गया... सब सोने के आभूषण... सारी स्वर्ण मुद्राएं... सभी स्वर्ण खंड... सब के सब उस खप्पड़ में समाकर खत्म हो गये... पर खप्पड़ फिर भी खाली का खाली रहा...

सामंत फिर बोला... क्षमा करें स्वर्ण भंडार भी रिक्त हुआ अब कुछ और आज्ञा दें... महात्मा ने कहा... अब चाँदी मँगवा... सामंत की सारी चाँदी भी खप्पड़ को नहीं भर सकी... सामंत रोने लगा... पर उस अहंकारी सामंत को अपनी सार्वजनिक प्रतिष्ठा ज्यादा प्यारी थी... सो बोला कुछ और मांगो... महात्मा बोला...चल तू मुझे रेशमी वस्त्र देना चाहता था वही मंगवा... थान के थान रेशमी वस्त्र कपाल- खप्पड़ में समाकर समाप्त हो गये... पर फिर भी खप्पड़ खाली रहा... अपने गर्व पर चोट खाया सामंत रोते-रोते बोला... कुछ और माँगिये... महात्मा बोला... तू मुझे भोजन करवाना चाहता था... वही डाल दे मेरे कपाल- खप्पड़ में... सामंत ने सोचा जान बची... भोजन तो पूरे नगर के लिये बना है... उसने आँसू पोछे... बोला...! महात्मन् कम से कम अब आपकी यह इच्छा जरूर पूरी करूँगा... भोजन तो पूरे नगर के हजारों व्यक्तियों के लिए बना है... महात्मा बोला... चल फिर वही भोजन मेरे इस कपाल-खप्पड़ में डाल दे... सामंत ने ऐसा करने की आज्ञा दी... पर यह क्या... हजारों व्यक्तियों के लिए बना भोजन... कपाल-खप्पड़ में समा गया...

पर वह खप्पड़ खाली का खाली रहा... सामंत रोता- रोता महात्मा के चरणों में लोट गया... बोला... गुरुवर मैं हारा आप जीते... अब मेरा सोना- चांदी-रत्न-आभूषण-वस्त्र... भोजन... अन्न भंडार सब समाप्त हुआ... अब मेरे पास ऐसा कुछ भी नहीं जिस पर मैं गर्व करूँ... मेरा सारा मान-अभिमान... आप के इस कपाल-खप्पड़ में समा गया... अब तो आप कृपा कर मुझे मंत्र दान करो... महात्मा ने प्यार से सामंत के सिर पर हाथ फेर कर मंत्र दिया

**'स्वकर्मणा तमभ्यर्च्य सिद्धिं विन्दति मानवः'**... अर्थात् 'जब मानव अपनी स्थिति में... अपना कर्तव्य... निष्काम और निरहंकार बुद्धि से...सब गर्व छोड़कर करता है... तो वही भगवत पूजा होती है...'

महात्मा ने सामंत को ज्ञान देते हुए बतलाया... कि.... हे सामंत.... मैंने तेरे अन्दर के अहंकार को उसी क्षण समझ लिया था... जब तूने एकांत जंगल में हाथ में जल लेकर मंत्र दीक्षा लेने से इंकार करते हुए... मुझे अपनी राजधानी में बुलाकर अपने वैभव और समर्थता का प्रदर्शन करना चाहा...

तभी से मुझे यह चिन्ता थी कि तेरा यह गर्व कैसे दूर करूँ.... बड़ा सामंत है... धन-सम्पदा-सैन्य-अन्न-वस्त्र का भंडार तो तेरे पास होगा ही होगा... तब तेरा यह गर्व कैसे दूर हो... इसके लिए मैं बराबर भगवान से प्रार्थना करता रहा कि... परमात्मा तुम्हारे गर्व को दूर करने का उपाय करें... तभी जब मैं तुम्हारी राजधानी की ओर आ रहा था... तब रास्ते में मुझे एक श्मशान घाट मिला... वहाँ पड़ी इंसान की खोपड़ी से मैं अंधेरी रात में टकराकर गिर पड़ा... और तभी अचानक... ईश्वर ने मुझे प्रेरणा दी ...

सारा अहंकार... सारी लालच... सारे का सारा स्वार्थ... आदमी की इसी खोपड़ी में ही तो समाया रहता है... कभी न पूरा होने वाला अतृप्त लालच... इसी इंसान की खोपड़ी में ही तो जन्म लेता है... आजीवन मनुष्य अहंकार लालच और भय के वशीभूत होकर ही तो सारे कर्म करता है... बस मुझे उपाय सूझ गया... मसान में पड़ी लकड़ी से पीट-पीट कर मैंने इंसान के उस कपाल को तोड़कर... खप्पड़ बना लिया... प्रभु से प्रार्थना की... जब तक सामंत का गर्व और लोभ दूर न हो जाये... तब तक यह कपाल-खप्पड़ रिक्त ही रहे... अपूर्ण रहे... भरे नहीं...

मृत्यु के बाद भी... इंसान की खोपड़ी में समाये रहने वाले.... लालच और स्वार्थ का प्रतीक स्वरूप यह खप्पड़ बना... मसान की उसी लकड़ी को टेकते-टेकते कपाल-खप्पड़ हाथ में लिये... चिता की राख से काले हुए कपड़ों में लपटा... मैं तेरे द्वार पर आ पहुँचा... बस इतनी ही है मेरी और मेरे इस कपाल-खप्पड़ की कहानी.....

ले सामंत... अपना सब कुछ वापस ले... कहते हुए उस महात्मा ने... कपाल-खप्पड़ को वापस उलटा पलट दिया... सामंत का उस कपाल- खप्पड़ में डाला गया... सारा सोना... रत्न-आभूषण... अन्न-वस्त्र... सब उस खप्पड़ में से यथा-स्थान वापस आ गये... सामंत से महात्मा बोला... और... गुरु दक्षिणा में... अब तू मुझे... तेरा गर्व... तेरी लालच... तेरी तृष्णा... तेरा भय दे दे... हमेशा-हमेशा के लिए....

साधु वही है... जो मनुष्य के गर्व का नाश कर दे... इंसान को निरभिमानी... निःस्वार्थ बना दे... गोस्वामी तुलसीदास भी यही कहते हैं-

**'बिसर गई सब तात पराई।**
**जब ते साधु संगत मोहि भाई।।'**

यह विचारों की मंजूषा... साधु के ही साथ सी... आपके... हमारे... सबके... जीवन को... एक नयी दृष्टि दे... एक साधु-पथ दे... हम सबको एक सर्वव्यापी कल्याण देने वाली नयी दृष्टि मिले... यही मेरी परमात्मा से प्रार्थना है-

**विराजो हे सत्य, हे सुन्दर**
**आनंदलोक में, मंगल आलोक में**
**उद्भाषित है, महागगन में तुम्हारी महिमा**
**पड़ा हुआ है तुम्हारे मणि जड़ित चरणों में विश्व-जगत**
**बहती है दिन-रात जीवन की चिरनूतन धारा**
**प्राणों को कोमल बनाती तुम्हारी भक्ति करुणा धारा**
**हरते हो बरसाकर अमित सांत्वना,**
**करते रहे ताप हरण**
**भूमास्पद तुम्हारी निर्भय शरण में**
**कैसी 'श्री' कैसी माया...**

(श्री मदनमोहन के लेखों, पुस्तकों, कविताओं की वेबसाइट)
https://adhyatmsanatandharma.com

# पर्यटकों पर हमला- पर्यटन उद्योग को लग सकता है धक्का

## सम-सामयिक

जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकी हमले की गंभीरता को इस बात से समझा जा सकता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सऊदी अरब का अपना अति महत्वपूर्ण दौरा मध्य में छोड़कर भारत लौट आए हैं। सुरक्षा के साथ ही इस आतंकी हमले से जम्मू और कश्मीर का पर्यटन उद्योग सबसे अधिक प्रभावित होगा, ऐसा साफ-साफ दिख रहा है। पहलगाम हमले के बाद बड़ी संख्या में देशभर से लोगों ने जम्मू और कश्मीर घूमने का अपना प्लान रद्द किया है। संभवतः पाकिस्तान और उसके समर्थक आतंकियों की यही कोशिश है कि वो जम्मू और कश्मीर को एक असुरक्षित स्थान के रूप में दुनिया को दिखलाएं।

भारत सरकार के लिए यह परीक्षा की घड़ी है। एक तरफ पहलगाम हमले का मकबूल जवाब देना है तो दूसरी ओर जम्मू और कश्मीर में स्थिति को सामान्य करना भी है। पहलगाम, जिसे मिनी स्विट्जरलैंड कहा जाता है, वहां प्रत्येक वर्ष लाखों की संख्या में देश-दुनिया से पर्यटक पहुंचते हैं। इनदिनों जम्मू और कश्मीर पर्यटकों से भरा पड़ा है। मंगलवार को भी जिस समय पहलगाम की बैसरन घाटी में यह आतंकी घटना घटी, उस समय भी 4000-5000 पर्यटक वहां मौजूद थे। पर्यटन उद्योग जम्मू और कश्मीर की रीढ़ की हड्डी है।

पिछले कुछ वर्षों से जम्मू और कश्मीर में लगातार पर्यटकों की संख्या में इजाफा हो रहा है। वर्ष 2023 में जम्मू और कश्मीर में 2.11 करोड़ पर्यटक पहुंचे थे। यह संख्या वर्ष 2024 में बढ़कर 2.36 करोड़ पहुंच गई, जो एक रिकॉर्ड है। पर्यटन से केंद्र शासित प्रदेश के 5 लाख से अधिक लोगों को प्रत्येक और परोक्ष रूप से रोजगार मिला हुआ है।

नब्बे के दशक में जब आतंकवाद जम्मू और कश्मीर में चरम पर पहुंच गया था, तब वहां पर्यटकों की संख्या लगभग शून्य तक पहुंच गई थी, लेकिन वर्ष 2019 में अनुच्छेद 370 हटाने के बाद केंद्र सरकार ने राष्ट्रपति शासन के दौरान ऐसे कई प्रयास किए, जिनसे जम्मू और कश्मीर सामान्य जनजीवन की ओर लौटता चला गया। वहां न केवल विधानसभा चुनाव हुए, बल्कि दुनिया को यह विश्वास हुआ कि जम्मू और कश्मीर अब सुरक्षित है। यही कारण था कि दुनियाभर से बड़ी संख्या में पर्यटकों ने जम्मू और कश्मीर की ओर रुख किया। होटल इंडस्ट्री, हैंडीक्रॉफ्ट, फूड इंडस्ट्री, गाइड, हाउसबोट और अन्य उद्योग पर्यटन से सीधा संबंधित हैं। हर साल करोड़ों रुपए की आमदनी जम्मू और कश्मीर सरकार तथा लोगों को पर्यटन से होती है। पहलगाम हमले से जम्मू और कश्मीर निश्चित रूप से आर्थिक रूप से परेशानी में पड़ेगा। पिछले कुछ समय से जिस तरह से पर्यटन जम्मू और कश्मीर में बढ़ा है, उससे साफ है कि लोगों में सुरक्षा की भावना जागी थी। अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों की संख्या बढ़ने से यह मैसेज दुनिया में गया कि जम्मू और कश्मीर अब सुरक्षित है, लेकिन पहलगाम की घटना ने सरकार के प्रयासों को आघात पहुंचाया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह घटना के चंद घंटे में स्वयं श्रीनगर पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी सऊदी अरब से लौट आए। सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं। देश भर में अलर्ट जारी किया गया है। केंद्र सरकार के लिए यह परीक्षा की घड़ी है। एक तरफ देशभर में आक्रोश है। पाकिस्तान और उसके समर्थक आतंकियों को सबक सिखाने की जनभावना साफ दिख रही है। उरी और पुलवामा हमलों के बाद भारतीय सैन्य बलों ने पाक अधिकृत कश्मीर व पाकिस्तान में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक की थी। ऐसा ही कुछ दोबारा होता दिख रहा है।



> सुरक्षा के साथ ही इस आतंकी हमले से जम्मू और कश्मीर का पर्यटन उद्योग सबसे अधिक प्रभावित होगा, ऐसा साफ-साफ दिख रहा है। पहलगाम हमले के बाद बड़ी संख्या में देशभर से लोगों ने जम्मू और कश्मीर घूमने का अपना प्लान रद्द किया है। पहलगाम की घटना ने कहीं न कहीं सरकार की उन कोशिशों को गहरा धक्का पहुंचाया है, जो जम्मू और कश्मीर को सामान्य जनजीवन की ओर ले जाने वाली हैं

विनोद पाठक

**कश्मीर की बुकिंग रद्द कराने लगे लोग :** डीजीसीए और नागरिक उड्डयन मंत्रालय अतिरिक्त उड़ानों की व्यवस्था व्यवस्थित कर रहे हैं। दूसरी तरफ श्रीनगर और जम्मू के बीच एनएच-44 को फिर से जोड़ दिया गया है, ताकि पर्यटक जल्द से जल्द वापसी कर सकें। पहलगाम में हुए आंतकी हमले ने पलक झपकते ही कश्मीर की टूरिज्म इंडस्ट्री को तबाह कर दिया है। फिलहाल पूरे पर्यटन सीजन के लिए पर्यटकों ने अपनी बुकिंग रद्द करानी शुरू कर दी है। इससे ट्रैवल ऑपरेटर्स को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। हालात ऐसे हो गए हैं कि बुकिंग कैंसल कराने से एक दिन में 70 फीसदी तक टूर रद्द हो गए हैं। राज्य के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने भी कहा है कि राज्य से पर्यटकों का पलायन देखकर दिल टूट गया है। अमरावती के एक टूर ऑपरेटर को 38 लाख रुपए का नुकसान हुआ है, क्योंकि पहलगाम हमले की वजह से लोगों ने अपनी बुकिंग कैंसल कर दी है। जम्मू रेलवे स्टेशन पर श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के सरस्वती धाम के एक कोने में चुपचाप बैठे, अमरावती के ईश्वर ट्रैवल्स में काम करने वाले 29 वर्षीय टूर मैनेजर शुभम रवींद्र वडकर ने बताया कि उनके फर्म को अब लाखों रुपये का भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। वह युवक बहुत परेशान दिखा और स्थिति को संभालने की कोशिश करता रहा। वह अपने ग्राहकों को माता वैष्णो देवी मंदिर और जम्मू में अन्य पर्यटक स्थलों पर जाने के लिए मनाने की कोशिश करता देखा गया। उसने बताया कि हम पहले भी महाराष्ट्र से पर्यटकों को कश्मीर लाते थे, लेकिन मंगलवार के हमले ने पलभर में सब तबाह कर दिया। वडकर ने बताया कि वह अमरावती से 40 लोगों का एक समूह लेकर आया है। हमले के बाद, वह किसी तरह उन पर्यटकों को मुगल रोड के रास्ते जम्मू वापस लाने में कामयाब रहा। जम्मू में पार्टनरशिप के तहत एप्पल टूर एंड ट्रैवल्स चलाने वाले 50 वर्षीय अमनीश शर्मा ने कहा कि उनकी बुकिंग में 70 प्रतिशत की कमी आई है। उन्होंने कहा, हम हाई कैटगरी के पर्यटकों को एसी कैब की सुविधा उपलब्ध कराते हैं। हम खुश थे कि व्यापार में तेजी आने लगी है, लेकिन अब सब कुछ अचानक खत्म हो गया है। केवल एक दिन में हमारी 70 फीसदी बुकिंग रद्द हो गई है। पटना से ऑल जम्मू होटल्स एंड लॉज एसोसिएशन के अध्यक्ष इंद्रजीत खजूरिया ने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले से आगामी अमरनाथ यात्रा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

## संक्षिप्त खबरें

### आईटी के बाद होगा एग्रीकल्चर कॉन्क्लेव

**विसं, भोपाल।** प्रदेश सरकार उद्योगों में निवेश प्रोत्साहन के लिए आगामी 27 अप्रैल को इंदौर में आईटी इंडस्ट्री-कॉन्क्लेव के बाद मंदसौर में 3 मई को एग्रीकल्चर कॉन्क्लेव का आयोजन करेगी,इसके लिए सरकार ने अपनी तैयारी प्रारम्भ कर दी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मालवांचल सहित प्रदेश में कृषि और किसानों की समृद्धि के लिए कल्याणकारी योजनाएं संचालित हैं। उन्नत फसलों और पशुपालन से किसानों की आय बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव में टेक निवेशकों के लिए निवेश का सुनहरा अवसर होगा। 27 अप्रैल को होने वाले इस कॉन्क्लेव में देश - दुनिया के टेक दिग्गज जुटेंगे। उन्होंने बताया कि जीआईएस-भोपाल में आए निवेश प्रस्तावों को मूर्त रूप देने का महत्वपूर्ण प्रयास है।

### भुसावल में मिले रामानंद संप्रदाय के लापता स्वामी रामनरेशाचार्य

**जागरण, जबलपुर।** रामानंद संप्रदाय के लापता प्रधान आचार्य स्वामी रामनरेशाचार्य भुसावल में मिल गए हैं। संत कटनी-भुसावल ट्रेन में भूलवश बैठकर भुसावल पहुंच गए थे। अब आरपीएफ और जीआरपीएफ की टीम उन्हें लेकर जबलपुर आ रही है। श्रीधाम एक्सप्रेस पिपरिया के प्लेटफार्म नंबर 1 पर आई थी। इसी दौरान संत जी ट्रेन से नीचे उतर गए और उसके बाद फिर प्लेटफार्म पर ही टहलने लगे। इस बीच श्रीधाम एक्सप्रेस स्टेशन से निकल गई, जिसके बाद वहीं बगल में ही तीन नंबर प्लेटफार्म पर खड़ी कटनी-भुसावल ट्रेन में बैठकर महाराज जी भुसावल पहुंच गए। बता दें कि रामजन्मभूमि मुक्ति आंदोलन में रामनरेशाचार्य ने पूरे भारत की यात्रा की थी। इससे पहले दोपहर में सूचना आई थी कि रामनरेशाचार्य ट्रेन से भोपाल से जबलपुर आते समय लापता हो गए हैं, उनकी अंतिम लोकेशन पिपरिया रेलवे स्टेशन पर मिली थी। मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने काफी देर तक उन्हें तलाशा लेकिन वे जब नहीं मिले तो जीआरपी और आरपीएफ को उनके लापता होने की सूचना दी। स्वामी रामनरेशाचार्य को भोपाल से लेकर जबलपुर तक के सभी स्टेशनों पर तलाश किया था लेकिन उनका कुछ पता नहीं चला था। स्वामी रामनरेशाचार्य भोपाल से गुरुवार सुबह श्रीधाम एक्सप्रेस से जबलपुर के लिए रवाना हुए थे। रामानंद संप्रदाय के प्रधान आचार्य स्वामी रामनरेशाचार्य का जबलपुर में एक सप्ताह कार्यक्रम था।

# भूपेंद्र के बाद लोधी ने लगाया फोन टैप होने का आरोप

## मध्यप्रदेश में सत्ताधारी दल के विधायक ही शासन-प्रशासन पर खड़े कर रहे सवाल

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश में सत्ताधारी दल के विधायक अपनी ही सरकार के शासन-प्रशासन पर सवाल खड़े कर रहे हैं। पिछले दिनों पूर्व मंत्री एवं विधायक भूपेन्द्र सिंह ने समर्थकों के कॉल डिटेल्स निकलवाने के आरोप लगाए थे, तो गुरुवार को पार्टी के ही पिछोर विधायक प्रतीम सिंह लोधी ने पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौर पर फोन टैप कराने का आरोप लगाया। दरअसल विधायक प्रतीम लोधी गुरुवार को शिवपुरी में वीरांगना अवंतीबाई के बलिदान दिवस पर आयोजित सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने मंच से पुलिस अधीक्षक शिवपुरी पर उनके फोन टैप करवाने का आरोप लगा दिया। उन्होंने कहा कि पिछोर में 30 साल बाद भाजपा जीती है, लेकिन पार्टी के कार्यकर्ताओं पर झूठे मुकदमे लगाए जा रहे हैं, उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। एसपी पूर्व विधायक के इशारे पर दुर्भावनापूर्ण व्यवहार कर रहे हैं। पिछले दिनों भाजपा के जिन नेताओं पर हमले हुए और जिन्हें प्रताड़ित किया गया, उनकी रिपोर्ट पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है।



**अधिकारियों का पानी-पेशाब बंद कर दूंगा**

विधायक लोधी ने मंत्री एवं शिवपुरी जिले के प्रभारी मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर का नाम लिए बिना कहा कि हमारे क्षेत्र में काम नहीं कराए जा रहे हैं। यदि अधिकारियों ने हमारे काम नहीं किए तो मैं उनके नल, बिजली के कनेक्शन काट दूंगा और उनका पानी-पेशाब बंद कर दूंगा। लोधी ने सभा के बाद वहां के कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने के दौरान विधायक प्रीतम लोधी और एसपी के बीच बहस भी हो गई।

### पिछोर जिला नहीं बना तो दिल्ली कूच करेंगे

लोधी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने पिछोर को जिला बनाने का वादा किया था। लेकिन अब तक कोई ठोस आश्वासन नहीं मिला है। अगर पिछोर को जिला नहीं बनाया गया तो वे जनसमूह के साथ दिल्ली कूच करेंगे। हालांकि उन्होंने यह कहा कि उनका प्रदर्शन सरकार के खिलाफ नहीं है, बल्कि पुलिस अधीक्षक के खिलाफ प्रदर्शन किया गया है।

### भूपेंद्र ने जासूसी का लगाया था आरोप

पिछले साल नवंबर में खुरई से भाजपा के विधायक भूपेन्द्र सिंह ने सागर में जिला योजना समिति की बैठक में सागर एसपी और अन्य स्थानीय पुलिसअधिकारियों पर जासूसी कराने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि पुलिस कुछ लोगों को धमकियां देकर उनकी कॉल डिटेल्स का दुरुपयोग कर रही है। इस पर जब एसपी ने सफाई दी कि कॉल डिटेल्स निकालना पुलिस अधिकार क्षेत्र में नहीं आता। इस पर सिंह ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि मुझे सफाई नहीं चाहिए, मैं गृह मंत्री रहा हूं, मुझे सब पता है।



## खुद गिरफ्तार होने थाने पहुंचे मऊगंज भाजपा विधायक

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मऊगंज से भाजपा विधायक प्रदीप पटेल एक बार फिर चर्चा में हैं। गुरुवार को पटेल नईगढ़ी थाने पहुंचे और कहा थानेदार लोगों से कह रहे थे कि विधायक को गिरफ्तार करेंगे, इसलिए मैं स्वयं आ गया हूं। विधायक के थाने पहुंचने पर थानेदार नदारत रहे। विधायक पटेल के मुताबिक उन्हें जानकारी हुई कि एक पत्रकार को यहां के प्रभारी कलेक्टोरेट से ले गए हैं। इस पर मैंने पत्रकार से बात करने की कोशिश की, लेकिन बात नहीं हो पाई। बाद में उन्हें बताया गया कि कि थाना प्रभारी ने कहा अगला नंबर हमारा (विधायक) का है। उन्हें भी घसीट कर ले जाएंगे। इस पर मैं यह जानने थाने आया कि आखिर उनके खिलाफ कौन सा मुकदमा है और मुझे थाना प्रभारी घसीट कर क्यों लाना चाहते हैं। इसलिए मैं स्वयं ही गिरफ्तारी देने आ गया हूं। मैंने आवेदन दिया है, जिसमें अपने खिलाफ कोई मामला पंजीबद्ध होने की जानकारी मांगी है। पटेल ने बताया कि मेरे आवेदन पर जवाब मिल गया है कि मेरे खिलाफ कोई मामला पंजीबद्ध नहीं है। फिर भी मैं यह जानने थाने में बैठा हूं कि थानेदार साहब से किसी ने मेरी मौखिक शिकायत तो नहीं की है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक मऊगंज ने भी उनके खिलाफ कोई मामला पंजीबद्ध नहीं होने की जानकारी दी है।



मऊगंज विधायक प्रदीप पटेल अपनी गिरफ्तारी देने गुरुवार दोपहर करीब 1.45 बजे नई गढ़ी थाने पहुंचे। इसके बाद विधायक लगभग 7 बजे फिर से थाने पहुंचे, जहां आवेदन के जवाब में लिखित में जानकारी दी गई कि उनके खिलाफ काई आपराधिक मामला पंजीबद्ध नहीं है।

### पत्रकार भी धरने पर बैठे

दरअसल किसी मामले को लेकर नईगढ़ी पुलिस द्वारा एक पत्रकार के खिलाफ कार्रवाई की गई है। जिसे गलत बताते हुए पत्रकार धरने पर बैठे हुए हैं। इसी मामले पर विधायक ने संबंधित पत्रकार के मोबाइल पर कॉल लगाकर संपर्क साधने की कोशिश की, तो कॉल रिसीव नहीं हुई। कहा जा रहा है कि इसी कॉल के दौरान थाना प्रभारी ने विधायक को घसीटकर गिरफ्तार करने की बात कही थी। जिसकी जानकारी विधायक को लगी, तो वह स्वयं थाने पहुंच गए और उन्हें गिरफ्तार करने की बात की गई। विधायक के थाने पहुंचने पर वहां अफरा-तफरी मच गई ।

# कार्मिकों के गृह भाड़ा भत्ते को किया गया पुनरीक्षित

## मध्य क्षेत्र विद्युत कंपनी ने आदेश किया जारी

**विसं, भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कार्मिकों के पुनरीक्षित गृह भाड़ा भत्ता (एचआरए) का आदेश गुरुवार को जारी कर दिया। कंपनी ने मध्यप्रदेश शासन वित्त विभाग के ज्ञाप क्रमांक एफ 4-1/2025/नियम/चार दिनांक 3 अप्रैल 2025 को जारी राज्य शासन के शासकीय सेवकों को देय गृह भाड़ा भत्ता के पुनरीक्षण संबंधी आदेश को यथावश्यक संशोधनों सहित शासकीय सेवक के स्थान पर कंपनी कार्मिक प्रतिस्थापित करते हुए ग्राह्य किया है। जानकारी के अनुसार 7 लाख अथवा इससे अधिक जनसंख्या के नगरों में निवासरत कंपनी कार्मिक को वेतन पुनरीक्षण नियम 2017 के अनुसार देय मूल वेतन का 10 प्रतिशत देय होगा। 3 लाख से अधिक पर 7 लाख से कम जनसंख्या के नगरों में निवासरत कंपनी कार्मिक को वेतन पुनरीक्षण नियम 2017 के अनुसार देय मूल वेतन का 7 प्रतिशत देय होगा। 3 लाख से कम जनसंख्या के नगरों में निवासरत कंपनी कार्मिक को वेतन पुनरीक्षण नियम 2017 अनुसार देय मूल वेतन का 5 प्रतिशत देय होगा।

### इन कार्मिकों को नहीं मिलेगा गृह भाड़ा भत्ता

आदेश में स्पष्ट किया गया है कि जिन कार्मिकों को कंपनी आवास गृह आवंटित किया गया है अथवा जो किराया रहित कंपनी आवासगृहों में निवासरत हों अथवा जिन्हें किराया रहित आवास गृह के बदले और कोई भत्ता दिया जा रहा हो, उन्हें देय गृह भाड़ा भत्ता की पात्रता नहीं होगी। संविदा, तदर्थ, स्थायीकर्मी व दैनिक वेतन के आधार पर नियुक्त कार्मिकों को देय गृह भाड़ा भत्ता की पात्रता नहीं होगी। आदेश के अनुसार गृह भाड़ा भत्ता की स्वीकृति के संबंध में अन्य शर्तें पूर्वानुसार रहेंगी। आदेश के अनुसार गृह भाड़ा संबंधी दिशा निर्देश 1 अप्रैल 2025 से प्रभावशील होंगे।

# लोक अदालत में बिजली चोरी के प्रकरण होंगे हल

**जागरण, भोपाल।** प्रदेश में 10 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसमें उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरण को समझौते के माध्यम से निराकृत किया जाएगा। विद्युत वितरण कंपनी द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि धारा 135 के अंतर्गत

**10 मई को लगेगी अदालत**

अदालत में प्रकरणों के निराकरण के लिये निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवॉट तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को ही प्रकरणों में छूट दी जाएगी। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने विद्युत अधिनियम 2003 धारा 135 के अंतर्गत न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अप्रिय कानूनी कार्यवाही से बचने के लिए अदालत में समझौता करने के लिए संबंधित बिजली कार्यालय से संपर्क करें।

# वक्फ संशोधन कानून के विरोध में मुस्लिम करेंगे अपने घरों में अंधेरा

## 30 अप्रैल को रात 9 से 9:30 के बीच होगा ब्लैक आउट

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** केंद्र सरकार द्वारा लाए गए वक्फ संशोधन कानून के विरोध में मुस्लिम परिवार अपने घरों में अंधेरा करने जा रहे हैं। जानकारी अनुसार ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की भोपाल में हुई एक अहम बैठक में यह फैसला किया गया है। पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्य और विधायक आरिफ मसूद ने बताया कि वक्फ बिल पर चर्चा को लेकर गत दिवस शूरा की एक बैठक बुलाई गई थी। जिसमें यह किया गया कि हमें निरंतर इस कानून का विरोध करना है। इसी कड़ी में 30 अप्रैल को भोपाल में सभी मुस्लिम परिवार अपने घरों में रात 9 से 9:30 बजे तक लाइट बंद रखेंगे। यह आधे घंटे का टोटल ब्लैक आउट रहेगा जो कि एक प्रकार का संकेत है कि हम वक्फ संशोधन बिल के विरोध में हैं।




### बिल के वापस होने तक जारी रहेगा विरोध

मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड में कई मुस्लिम संगठन और उनके मुखिया मौजूद थे। बैठक में सुन्नी उलेमा के साथ शिया उलेमा भी मौजूद थे। इस्लाम के दो बड़े पंतों के धार्मिक गुरुओं ने एक साथ वक्फ संशोधन बिल का विरोध किया। नया कानून देश में वक्फ संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के लिए लाया गया है। मौजूद काजी अजमत शाह मक्की ने बताया कि धर्मगुरुओं की एक ही राय है कि जब तक बिल वापस नहीं हो जाता, तब तक विरोध जारी रखा जाए। बैठक में मप्र से ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के मेम्बर हाफिज तकी, मुफ्ती जका उल्ला, मुफ्ती जुनैद, मौलाना तसव्वुर हुसैन, मौलाना मसीह आलम, जमीयत उलमा ए हिन्द मध्यप्रदेश के सदर मौलाना अहमद, जमाते इस्लामी हिन्द मप्र के नायब अमीर डॉ. शाहिद, शिया आलिम मौलाना अजहर हुसैन रिज्वी, अजहर हुसैन शामिल रहे।

# 32 घंटे बाद मिला सांसद के मीडिया हैंडलर का शव

## शादी के हफ्तेभर पहले नर्मदा में कूदकर दी जान

**जागरण, बड़वानी।** राज्यसभा सांसद डॉ. सुमेरसिंह सोलंकी के सोशल मीडिया हैंडलर महेंद्र भाटी ने नर्मदा नदी में कूदकर आत्महत्या कर ली है। 32 घंटे चली तलाशी के बाद गुरुवार देर शाम करीब 7.30 बजे उनका शव मिला। पुलिस ने शव को पीएम के लिए रखवा दिया है। बुधवार सुबह करीब 11 बजे कसरावद पुल पर महेंद्र की बाइक और जूते मिले थे। नर्मदा में छलांग लगाने की आशंका को देखते हुए गोताखोर और एसडीआरएफ की टीम नर्मदा में सर्च ऑपरेशन चला रही थी। बड़वानी व धार जिले की सीमा पर खंडवा-बड़ौदा राजमार्ग पर छोटी कसरावद गांव में बने नर्मदा के बड़े पुल पर परिजनों और परिचितों का जमावड़ा लगा रहा। परिजनों ने बताया कि गुरुवार शाम एसडीईआरएफ टीम ने शव बरामद किया।



### 1 मई को होने वाली थी शादी

ग्राम कल्याणपुरा निवासी महेंद्र का हफ्तेभर बाद विवाह होना था। 30 अप्रैल से वैवाहिक कार्यक्रम शुरू होने वाले थे। 1 मई को बारात जानी थी। इसे लेकर पिछले दिनों से महेंद्र व परिजन तैयारियों में जुटे थे। सारी तैयारियां हो चुकी थी। कार्ड भी बांटे जा चुके हैं। शादी भी महेंद्र की पसंद से ही हो रही थी। दो-तीन दिन पूर्व ही महेंद्र ने इंदौर जाकर शादी का सामान खरीदकर लाया था। बुधवार को आम दिनों की तरह वो तैयार होकर सुबह 8 बजे घर से बाइक लेकर निकला। कुछ देर बार वापस आया और फिर चला गया। इसके बाद फेसबुक पर पोस्ट लिखने व नर्मदा पुल पर बाइक-चप्पल मिलने की सूचना मिली थी।

# प्रदेशभर में अभियान चलाकर रोके जाएंगे बाल विवाह

## विभाग ने सभी कलेक्टर को लिखा पत्र, बताई गाइडलाइन

**विसं, भोपाल।** राज्य में बाल विवाह रोकने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बाल विवाह मुक्त अभियान की शुरुआत की गई है। इसके तहत अक्षय तृतीया पर विशेष नजर रखी जाएगी। इसके लिए विभाग की अपर मुख्य सचिव श्रीमती रश्मि अरूण शमी ने सभी जिला कलेक्टर को पत्र लिखे है। विभागीय जानकारी के अनुसार यह पहल देश में बाल विवाह की सामाजिक कुरीति को समाप्त करने तथा किशोरियों के सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिये की गई है। एनएफएचएस-5 के आकड़ों के अनुसार प्रदेश में बाल विवाह की घटनाओं में लगातार गिरावट दर्ज की गई है। जिलों के कलेक्टर को पत्र में 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया पर होने वाले सामूहिक विवाह, जिसमें बाल विवाह होने की संभावना होती है, उसके रोकथाम के लिये विशेष गतिविधियों करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा बाल विवाह रोकथाम के लिये विशेष रणनीति तय की गई है। श्रीमती शमी ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य देश भर में बाल विवाह की कुप्रथा को समाप्त करना युवा लड़कियों को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत व्यापक कार्ययोजना बनाई गई है। इसमें सभी सरकारी स्कूलों और कॉलेजों में विद्यार्थियों को बाल विवाह के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया जाएगा। 28 अप्रैल को सभी ग्राम पंचायतों के पंच, सरपंच एवं सचिव बाल विवाह न होने देने की शपथ लेंगे, जिसे पंचायत भवनों में प्रदर्शित किया जाएगा। 29 अप्रैल को आंगनबाड़ी और स्कूलों के बच्चों द्वारा रैली निकाल कर आम जनता को बाल विवाह के खिलाफ जागरूक किया जाएगा। स्व-सहायता समूह की महिलाएँ गांवों में सामूहिक चर्चाओं के माध्यम से बाल विवाह रोकने के प्रयास करेंगी।

# हाथियों की मौत की जांच पूरी नहीं हुई, कैसे बहाल कर दिए अधिकारी

## उपभोक्ता मंच ने मुख्य सचिव को भेजा लीगल नोटिस

**जागरण, जबलपुर।** नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच जबलपुर ने उमरिया में 10 हाथियों की मौत की जांच पूरी न होने के बावजूद निलंबित अधिकारियों को बहाल किए जाने के रवैये को अनुचित माना है। इसी के साथ जबलपुर के बरगी क्षेत्र में हाथी की मौत पर कार्रवाई नदारद होने को लेकर भी सवाल खड़ा किया है। एनजीटी के आदेश पर चुप्पी को भी आड़े हाथों लिया है। इसी के साथ प्रदेश के मुख्य सचिव को इस संबंध में लीगल नोटिस भेज दिया है। उपभोक्ता मंच के अध्यक्ष डॉ. पीजी नाजपांडे ने बताया कि प्रदेश में अन्य राज्यों से भटक कर आ रहे हाथियों की सुरक्षा खतरे में है, उनकी मौतें हो रही हैं। लेकिन अधिकारियों पर कार्यवाही नहीं हो रही है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेश का भी पालन नहीं हुआ है, जो चिंता का सबब है। इसीलिये सामाजिक कार्यकर्ता रजत भार्गव के साथ लीगल नोटिस भेजा गया है। उमरिया के प्रकरण के अलावा जबलपुर के बरगी में 28 नवंबर 2020 को करंट लगने से हाथी की मौत हुई थी। लेकिन किसी भी अधिकारी पर कार्यवाही नहीं हुई। इसीलिए अधिवक्ता प्रभात यादव के जरिए लीगल नोटिस भिजवाया गया है। बरगी में हुए हाथी की मौत के संबंध में दायर याचिका में कहा गया था कि मध्यप्रदेश एलीफेंट बियरिंग स्टेट नहीं है, अतः प्रदेश में भटक कर आ रहे हाथियों की जीवन सुरक्षा हेतु गाईड लाइन बनाना चाहिये। एनजीटी भोपाल ने केंद्रीय वन मंत्रालय द्वारा गठित मानिटरिंग समिति तथा प्रदेश के मुख्य वन्य जीवन वार्डन को 23 फरवरी 2021 को निर्देश जारी कर कार्यवाही करने को कहा था। लेकिन न तो अभी तक जांच पूरी हुईए न ही अधिकारियों पर कार्यवाही हुई। बाहर के राज्यों से भटक कर आ रहे हाथियों के जीवन सुरक्षा हेतु गाइडलाइन भी अभी तक नहीं बनी हैए जबकि आदेश को जारी करने हुए चार वर्ष बीत चुके हैं। जिसके बाद उक्त कार्यवाही की गई।



# एसबीसी का कार्यकाल बढ़ाये जाने पर रोक

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने स्टेट बार काउंसिल ऑफ मध्यप्रदेश का कार्यकाल बढ़ाने के प्रस्ताव पर अंतरिम रोक लगा दी। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ ने काउंसिल के चेयरमैन व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। युगलपीठ ने यह भी पूछा हैं कि किस अधिकार से यह निर्णय लिया गया है। अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता मंच के अध्यक्ष चंद्र कुमार वलेचा और अधिवक्ता नरेंद्र जैन की ओर से याचिका दायर कर कार्यकाल बढ़ाने के प्रस्ताव को चुनौती दी गई है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता दीपक पंजवानी ने बताया कि वर्ष 2020 में राज्य अधिवक्ता परिषद ने चुनाव की अधिसूचना जारी की थी। इसके अनुसार काउंसिल का कार्यकाल 10 अक्टूबर 2025 को समाप्त होना चाहिये, युगलपीठ को बताया गया कि परिषद ने 11 फरवरी 2024 को कार्यकारिणी की बैठक कर परिषद का कार्यकाल दो साल बढ़ाने का प्रस्ताव रखा गया। इसमें दावा किया गया कि कोविड-19 महामारी के चलते परिषद के कार्यों में रुकावट आई है, इसलिए कार्यकाल बढ़ाना चाहिये। इसके बाद जुलाई 2024 को जनरल बॉडी मीटिंग बुलाकर प्रस्ताव पारित कर दिया।

**बैठक** | सीएम ने ली अलग-अलग विभागों की बैठक, शासकीय भूमि पर अतिक्रमण के खिलाफ चलेगा अभियान

# एमएसएमई उद्योगों के जरिए सुनिश्चित किया जाए रोजगार

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को अपने निवास पर कई विभागों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार के लक्ष्य किसी भी स्थिति में पूरे होने चाहिए, जिससे प्रदेश का समग्र विकास हो सके। एमएसएमई विभाग की समीक्षा बैठक लेते हुए सीएम ने कहा कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों के माध्यम से प्रत्येक परिवार में कम से कम एक व्यक्ति को रोजगार अथवा स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जा सकते हैं। प्रत्येक जिले की परिस्थिति और उपलब्ध दक्षता के अनुसार गतिविधियों का विस्तार किया जाये। इस क्षेत्र में मध्यप्रदेश वर्तमान में देश में 7वें स्थान पर है, अगले वर्ष तक हमें प्रदेश को देश के श्रेष्ठतम राज्यों में स्थान दिलाना है। डॉ. यादव ने कहा कि वर्ष-2025 को उद्योग और रोजगार वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। दो माह के अंतराल में राज्य के अलग-अलग अंचलों में उद्योग-रोजगार दिवस का आयोजन किया जाए। पॉवरलूम सहित अन्य परंपरागत उत्पादन गतिविधियों को निरंतरता प्रदान करना आवश्यक है। इसी लिये विशेषज्ञों का सहयोग लेकर कौशल उन्नयन तथा तकनीकी दक्षता में सुधार के लिए क्षेत्रीय स्तर पर कैम्प आयोजित किये जाएं। मुख्यमंत्री ने नई दिल्ली में हुए भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम को स्वर्ण पदक से पुरस्कृत होने पर बधाई दी।



### मध्यप्रदेश हर परिस्थिति में केन्द्र के साथ : मुख्यमंत्री

**भोपाल।** मुख्यमंत्री ने कहा है कि पहलगाम में आतंकियों के कायराना हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने महत्वपूर्ण प्रतिबंधात्मक निर्णय लिए हैं। सीएम ने अपने मीडिया संदेश में कहा कि केन्द्र सरकार के यह फैसले देश के स्वाभिमान को बढ़ाने वाले हैं। ये महत्वपूर्ण फैसले अपने नागरिकों के प्रति केन्द्र सरकार की संवेदनशीलता को भी दर्शाते हैं। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर हमारे देश का अभिन्न अंग है। केन्द्र सरकार ने यहां वर्षों से चली आ रही परेशानियों को समाप्त कर खुशहाली और स्वच्छंद पर्यटन का वातावरण तैयार किया है। प्रधानमंत्रीके नेतृत्व में पहलगाम में कायराना हरकत करने वालों के खिलाफ निश्चित रूप से कठोर कार्रवाई की जाएगी। मप्र सरकार सभी परिस्थितियों में केन्द्र सरकार के साथ है।

### प्रदेश के युवाओं का कुंभ कराया जाए

अपने निवास स्थित समत्व भवन में उच्च शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए सीएम ने कहा कि युवा शक्ति को मार्गदर्शन देने के लिए प्रदेश के युवाओं का कुंभ कराया जाए। इसे ज्ञान महाकुंभ नाम दिया जाए। उन्होंने कहा कि वर्ष में कम से कम एक बार महाविद्यालयों में बड़े वैज्ञानिकों को आमंत्रित किया जाए और विद्यार्थियों के साथ उनका जीवंत संवाद एवं समूह चर्चा आयोजित की जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी महाविद्यालयों की स्टेट लेवल पर ग्रेडिंग कराई जाए और तीन श्रेणियों में क्रमशः सर्वश्रेष्ठ महाविद्यालय, सर्वश्रेष्ठ प्राचार्य एवं सर्वश्रेष्ठ शिक्षक के रूप में पुरस्कृत करने की परम्परा भी प्रारंभ करें। मुख्यमंत्री ने विभागीय अधिकारियों को भारतीय ज्ञान परम्पराओं पर आधारित रोजगारपरक शिक्षा दिए जाने पर जोर देते हुए कहा कि महाविद्यालयों में शोध केंद्र स्थापित कर शोध कार्यों को भी प्रोत्साहन दिया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी ऐसे क्षेत्रों में, जहां नए महाविद्यालय खोलने की अत्यंत आवश्यकता है, विशेषकर जनजातीय क्षेत्रों में, अधिकाधिक महाविद्यालय खोले जाएं। इससे जनजातीय वर्ग के विद्यार्थियों को निकट स्थान पर उच्च शिक्षा पाने का अवसर मिलेगा। मुख्यमंत्री ने विभागीय अधिकारियों को महाविद्यालयों में दो शिफ्ट में अध्यापन कार्य संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सेमेस्टर सिस्टम भी आवश्यकतानुसार जारी रहे।

## प्रथम पृष्ठ के शेष

### हर कार्रवाई को विपक्ष ...

पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने गुरुवार को कहा कि यह पाबंदी सही नहीं है। बैठक के बाद उन्होंने कहा कि यह युद्ध जैसी स्थिति है और पाकिस्तान अपनी रक्षा के लिए सभी कदम उठाएगा। उन्होंने कहा कि हमें बातचीत से मसले हल करने चाहिए। उन्होंने कहा कि सिंधु जल समझौता केवल भारत और पाकिस्तान के बीच का मामला नहीं है, इसमें दुनिया की तमाम संस्थाएं जुड़ी हुई हैं। पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में भारतीय हाई कमीशन के बाहर भीड़ ने जमकर हंगामा किया, कुछ लोगों ने गेट फांदने की भी कोशिश की और भारत विरोधी नारे लगाए। आरोप लग रहे हैं कि पाकिस्तान ने जानबूझकर भारतीय हाई कमीशन के बाहर से सुरक्षा हटा ली है।

### ईडी कोर्ट ने खारिज ...

याचिकाओं का विरोध करते हुए अपने तर्क अदालत में रखे थे। कोर्ट ने इस केस में फरार प्यारेलाल केवट की उपस्थिति और आरोप पत्र को लेकर अगली सुनवाई 5 मई को तय की है। कोर्ट में सौरभ की तरफ से अधिवक्ता दीपेश जोशी ने कोर्ट को बताया कि उसके खिलाफ ईडी के पास अब तक कोई सबूत नहीं है। सौरभ ने दुबई का वीजा लेने के लिए जिस कंस्ट्रक्शन कंपनी के ब्रोशर का इस्तेमाल किया था, उसी को आधार बनाकर सौरभ को दुबई में 150 करोड़ के आलीशान विला का मालिक बताया जा रहा है। इसके साथ ही कोर्ट में यह पक्ष भी रखा गया कि सोने और नकदी से भरी जिस कार को सौरभ की बताया जा रहा है, वह उसके नाम पर पंजीकृत ही नहीं है।

### पूर्व विधायक का आरोप आरटीआई लगाई तो कृषि विभाग में लगी आग

**जागरण, गुना।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के गुना कार्यालय में खरीदी और ठेके देने जैसे कार्य ईओडब्लू के निशाने पर आ गए हैं। ईओडब्लू ने भाजपा के पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह सलूजा द्वारा दिए गए 165 पेज के भारी भरकम आवेदन पर जांच शुरू कर दी है। कलेक्टर से पंद्रह दिन में जांच रिपोर्ट मांगी गई है। गुना के कृषि एवं किसान कल्याण कार्यालय में उपकरण खरीदी और ठेके देने में करोड़ों रुपए के भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए पूर्व विधायक सलूजा ने मुख्यमंत्री कार्यालय, गुना कलेक्टर और ईओडब्ल्यू ग्वालियर से शिकायत की है।



## अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 08 | 06 | 02 | 12 | 1.104 |
| दिल्ली | 08 | 06 | 02 | 12 | 0.657 |
| बेंगलुरु | 09 | 06 | 03 | 12 | 0.482 |
| मुंबई | 09 | 05 | 04 | 10 | 0.673 |
| पंजाब | 08 | 05 | 03 | 10 | 0.177 |
| लखनऊ | 09 | 05 | 04 | 10 | -0.054 |
| कोलकाता | 08 | 03 | 05 | 06 | 0.212 |
| राजस्थान | 09 | 02 | 07 | 04 | -0.625 |
| हैदराबाद | 08 | 02 | 06 | 04 | -1.361 |
| चेन्नई | 08 | 02 | 06 | 04 | -1.392 |

## ऑरेंज कैप (बल्लेबाज)



| | |
|---|---|
| साई सुदर्शन (गुजरात) | 417 |
| विराट कोहली (बेंगलुरु) | 392 |
| निकोलस (लखनऊ) | 377 |
| सूर्यकुमार यादव(मुंबई ) | 373 |

## पर्पल कैप (गेंदबाज)



| | |
|---|---|
| प्रसिद्ध कृष्णा (गुजरात) | 16 |
| जोश हेजलवुड (बेंगलुरु) | 16 |
| कुलदीप यादव(दिल्ली) | 12 |
| नूर अहमद (चेन्नई) | 12 |

## बाउंड्री मीटर



708 छक्के
1271 चौके
84 अर्धशतक

रोहित शर्मा टी-20 में 12 हजार रन बनाने वाले दुनिया के 8वें खिलाड़ी बन गए हैं। रोहित ने टी-20 में कुल 12058 रन बनाए हैं। क्रिस गेल 14562 रनों के साथ पहले नंबर पर हैं।

### मैच-42 : बेंगलुरु की 11 रन से जीत, राजस्थान ने लगातार 5वां मैच गंवाया

# विराट-जोश ने दिलाई घरेलू मैदान पर रॉयल चैलेंजर्स को पहली जीत

**बेंगलुरु, जेएनएन।** आईपीएल-2025 में गुरुवार की शाम भी राजस्थान रॉयल्स के लिए अलग नहीं रही और वे एक बार फिर हाथ में आया मैच गंवा बैठे। जोश हेजलवुड के चार झटकों की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने राजस्थान को 11 रन से शिकस्त देकर इस सीजन चिन्नास्वामी में पहली जीत हासिल कर ली। आरसीबी 12 अंक लेकर तालिका में तीसरे स्थान पर है। राजस्थान की यह लगातार पांचवीं हार थी। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली (70) और देवदत्त पडिक्कल (50) के अर्धशतकों तथा दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 51 गेंद में 95 रन की साझेदारी से आरसीबी ने पांच विकेट पर 205 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। पर राजस्थान 20 ओवर में नौ विकेट पर 194 रन ही बना सकी। उसके लिए यशस्वी जायसवाल (49), नीतिश राणा (28), रियान पराग (22) और वैभव सूर्यवंशी (16) और ध्रुव जुरेल ने आरसीबी के गेंदबाजों की खूब धुनाई की। पर हेजलवुड ने 17वें और 19वें ओवर में शानदार गेंदबाजी कर आरसीबी को मैच में वापसी कराई। शुभम दुबे और जुरेल ने 18वें ओवर में भुवनेश्वर पर 22 रन जुटाए, जिससे राजस्थान को जीत के लिए दो ओवर में केवल 18 रन चाहिए थे। लेकिन 19वें ओवर में हेजलवुड ने महज एक रन देकर दो विकेट झटके, जिसमें जुरेल (47 रन) का विकेट भी शामिल था। इससे आरसीबी की जीत सुनिश्चित हुई। जुरेल रिव्यू के बाद आउट हुए और फिर हेजलवुड ने अगली गेंद पर जोफ्रा आर्चर का विकेट झटका, जबकि अंतिम ओवर में यश दयाल ने शुभम दुबे (12 रन) और वानिंदु हसारंगा (01) को आउट किया।




- कोहली ने आईपीएल करियर का 60वां अर्धशतक लगाया। कोहली ने बाबर आजम का रिकॉर्ड तोड़ दिया। कोहली ने ओपनिंग करते हुए 62 बार 50 से ज्यादा रनों की पारी खेली। वहीं, बाबर ने 61 बार 50 से ज्यादा रनों की पारियां खेली हैं।
- कोहली टी-20 में सर्वाधिक 50+ स्कोर बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए। उन्होंने इस मामले में क्रिस गेल को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने 110 बार 50+ स्कोर बनाया। कोहली ने 111 बार 50 से ज्यादा रन बनाए।

## स्कोर बोर्ड

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु : 205/5 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सॉल्ट का. हेटमायर बो. हसरंगा | 26 | 33 | 4 | 0 |
| विराट का. राणा बो. आर्चर | 70 | 42 | 8 | 2 |
| पडिक्कल का. राणा बो. संदीप | 50 | 27 | 4 | 3 |
| टिम डेविड रनआउट | 23 | 15 | 2 | 1 |
| पाटीदार का. जुरेल बो. संदीप | 1 | 3 | 0 | 0 |
| जितेश शर्मा नाबाद | 20 | 10 | 4 | 0 |

**अतिरिक्त :** 15, **कुल :** 20 ओवर में पांच विकेट पर 205 रन, **विकेट पतन :** 1-61, 2-156, 3-161, 4-163, 5-205, **गेंदबाजी :** आर्चर 4-0-33-1, फारूकी 3-0-30-0, देशपांडे 2-0-36-0, संदीप 4-0-45-2, वानिंदु हसरंगा 4-0-30-1, रियान पराग 3-0-30-0.

**राजस्थान रॉयल्स : 194/9 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी का. शेफर्ड बो. हेजलवुड | 49 | 19 | 7 | 3 |
| वैभव सूर्यवंशी बो. भुवनेश्वर | 16 | 12 | 0 | 2 |
| नीतीश का. भुवनेश्वर बो. कुणाल | 28 | 22 | 3 | 1 |
| पराग का. जितेश बो. कुणाल | 22 | 10 | 2 | 2 |
| जुरेल का. जितेश बो. हेजलवुड | 47 | 34 | 3 | 3 |
| हेटमायर का. जितेश बो. हेजलवुड | 11 | 8 | 1 | 0 |
| शुभम दुबे का. सॉल्ट बो. दयाल | 12 | 7 | 1 | 1 |
| आर्चर का. रजत बो. हेजलवुड | 0 | 1 | 0 | 0 |
| वानिंदु हसरंगा रनआउट | 1 | 3 | 0 | 0 |
| तुषार देशपांडे नाबाद | 1 | 2 | 0 | 0 |
| फजलहक फारूकी नाबाद | 2 | 2 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त :** 5, **कुल :** 20 ओवर में 9 विकेट पर 194 रन, **विकेट पतन :** 1-52, 2-72, 3-110, 4-134, 5-162, 6-189, 7-189, 8-189, 9-191, **गेंदबाजी :** भुवनेश्वर 4-0-50-1, दयाल 3-0-33-1, हेजलवुड 4-0-33-4, शेफर्ड 1-0-15-0, सुयश 4-0-31-0, कुणाल 4-0-31-2.

### मैच-43 : दोनों टीमों को तीसरी जीत की तलाश

# चेन्नई-हैदराबाद के बीच प्लेऑफ की उम्मीदें जीवंत रखने की जंग

जेएनएन, चेन्नई

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच शुक्रवार को आईपीएल के 43वें मुकाबल में अपनी उम्मीद जीवंत रखने की रोचक जंग देखने को मिलेगी। इन दोनों टीमों का वर्तमान सत्र में अभी तक प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। इन दोनों टीमों के आठ मैच में चार अंक हैं और अगर उन्हें प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी धुंधली उम्मीद को बनाए रखना है, तो उन्हें अपने सभी मैच जीतने होंगे। हैदराबाद की टीम ने आज तक सीएसके के घरेलू मैदान चेपॉक पर कोई मैच नहीं जीता है। सिर्फ यही नहीं, सीएसके के खिलाफ उनका रिकॉर्ड भी काफी खराब रहा है। आईपीएल में दोनों टीमों के बीच कुल 21 मुकाबले खेले गए हैं, जहां 15 जीत सीएसके की झोली में गिरी है और सिर्फ छह परिणाम हैदराबाद की तरफ गए हैं। हालांकि, यह सीजन ऐसा रहा है, जहां आरसीबी की टीम ने 17 सालों के बाद सीएसके को उनके घर पर हराया, वहीं दिल्ली की टीम ने 15 सालों के बाद सीएसके को उनके घर पर मात दी। चेपॉक पर स्पिनर्स ने इस साल 50 में से 27 विकेट लिए हैं, लेकिन सीएसके अभी तक घरेलू परिस्थितियों का फायदा नहीं उठा पाया है।



### इशान-रेड्डी को फॉर्म की तलाश

इस सीजन में इशान किशन और नीतीश रेड्डी की फॉर्म हैदराबाद के लिए एक बड़ी चिंता का विषय बनती जा रही है। किशन ने राजस्थान के खिलाफ पहले ही मुकाबले में 106 रन की धमाकेदार पारी खेली थी। उसके बाद के सात मैचों में वह पूरी तरह से फ्लॉप रहे हैं और सिर्फ 33 रन बनाए हैं। दूसरी ओर नीतीश का ग्राफ भी इस सीजन में लगातार नीचे गिरा है। 2024 में उन्होंने 143 की स्ट्राइक रेट और 33.7 की औसत से रन बनाए थे, जबकि 2025 में उनका औसत गिरकर 19 और स्ट्राइक रेट 110 रह गया है। सबसे बड़ी गिरावट उनके स्पिन के खिलाफ प्रदर्शन में देखी गई है। पिछले सीजन में स्पिन के खिलाफ उनका औसत 52.3 और स्ट्राइक रेट 181 था, लेकिन इस बार वह औसत 18 और स्ट्राइक रेट 110 तक सिमट गया है, साथ ही हर एक सिक्सर लगाने में उन्हें लगभग 10 गेंदें लग रही हैं।

### हैदराबाद के स्पिनर्स नाकाम

हैदराबाद की चिंता इस सीजन में उनकी स्पिन गेंदबाजी रही है। आईपीएल 2025 में हैदराबाद के स्पिनरों ने अब तक सिर्फ 8 विकेट लिए हैं, जो सभी टीमों में सबसे कम है। जबकि बाकी सभी टीमों के स्पिन यूनिट्स कम से कम 16 विकेट ले चुके हैं। यही नहीं, हैदराबाद के स्पिनरों की इकॉनॉमी भी सबसे ज्यादा है (10.2) और हर विकेट के लिए औसतन 52.1 रन लुटा रहे हैं। हैदराबाद की तरफ से जिशान को लीड स्पिनर के तौर पर लगातार मौके मिले हैं, लेकिन 6 पारियों में सिर्फ 5 विकेट और 9.7 की इकॉनॉमी उनके प्रदर्शन पर सवाल उठाते हैं।

## खेल एक नजर

### नीरज चोपड़ा क्लासिक में जापानी डीन और श्रीलंकाई पथिरेज शामिल

**नई दिल्ली, जेएनएन।** एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता जापान के जेनकी डीन और उभरते श्रीलंकाई रुमेश पथिरेज 24 मई को बेंगलुरु में नीरज चोपड़ा क्लासिक जैवलिन थ्रो (भाला फेंक) चैंपियनशिप के पहले चरण में हिस्सा लेने वाले विदेशी सितारों में शामिल होंगे। 33 वर्षीय डीन ने चोपड़ा और किशोर जेना से पीछे रहते हुए 2023 हांग्झोउ एशियाई खेलों में 82.68 मीटर के थ्रो के साथ कांस्य पदक जीता था। उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 84.28 मीटर है, जो उन्होंने 2012 में हासिल किया था। टूर्नामेंट के आयोजक जेएसडब्ल्यू ने कहा कि डीन एशियाई सर्किट के मजबूत खिलाड़ी हैं, जो शीर्ष-10 विश्व रैंकिंग पर हैं और उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 84.28 मीटर का है। श्रीलंका के नंबर एक भाला फेंक खिलाड़ी पथिरेज ने 2024 में कोरिया के मोकपो में एशियाई थ्रोइंग चैंपियनशिप में 85.45 मीटर के प्रयास के साथ 85 मीटर क्लब में प्रवेश किया जो उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। 22 वर्षीय ने पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया में पर्थ ट्रैक क्लासिक में 85.41 मीटर थ्रो के साथ फिर से 85 मीटर का थ्रो पार किया।



### एशियाई मुक्केबाजी में पांच और भारतीय सेमीफाइनल में

**अम्मान (जोर्डन), जेएनएन।** पांच भारतीय मुक्केबाज एशियाई अंडर-15 चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। लड़कों के अंडर 15 वर्ग में नेल्सन के (55 किलो) ने पहले दौर में चीनी ताइपै के वांग शेंग यांग को रैफरी द्वारा मुकाबला रोके जाने (आरएससी) के आधार पर हराया। अभिजीत (61 किलो) और लक्ष्य फोगाट (64 किलो) ने किर्गीस्तान और जोर्डन के प्रतिद्वंद्वियों पर 5-0 से जीत दर्ज की। लड़कियों में प्रिंसी (52 किलो) ने यूक्रेन की येवा कुबानोवा को 5-0 से हराया। समृद्धि सतीश शिंदे (55 किलो) ने यूक्रेन की सेनिया साविना को आरएससी पर मात दी। छह भारतीय पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच चुके हैं।

# मोनफिल्स मैड्रिड में जीत दर्ज करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी, सिना भी जीते

### इटली के युवा सिना की दूसरी एटीपी मास्टर्स 1000 जीत

**मैड्रिड, जेएनएन।** इटली के किशोर खिलाड़ी फेडरिको सिना ने मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट में कोलमैन वोंग को सीधे सेटों में हराकर अपनी दूसरी एटीपी मास्टर्स 1000 जीत हासिल की, जबकि गेल मोनफिल्स इस प्रतियोगिता के इतिहास में जीत दर्ज करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। 38 साल के मोनफिल्स ने क्वालिफायर बोर्ना गोजो को 1-6, 6-2, 6-4 से हराकर 2022 के बाद मैड्रिड में अपनी पहली जीत दर्ज की। विश्व में 42वीं रैंकिंग के खिलाड़ी मोनफिल्स इस मास्टर्स 1000 क्ले-कोर्ट टूर्नामेंट में दो बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचे हैं। मोनफिल्स का अगला मुकाबला सातवीं वरीयता प्राप्त गत चैंपियन आंद्रे रुबलेव से होगा। रुबलेव ने दो सप्ताह पहले मोंटे कार्लो में 32वें राउंड में मोनफिल्स को हराया था। इटली के 18 वर्षीय सिना ने पिछले महीने मियामी में फ्रांसिस्को कोमेसाना को हराया था। उन्होंने जीत का यह सिलसिला जारी रखते हुए वोंग के खिलाफ 7-6 (5), 6-1 से जीत हासिल की। उनका अगला मुकाबला अमेरिकी सेबेस्टियन कोर्डा से होगा।



### सुपरमॉम का दिखा जलवा

महिला वर्ग में पिछले अक्टूबर में मातृत्व अवकाश से लौटीं बेलिंडा बेनसिक ने अपनी बेटी बेला के पहले जन्मदिन पर जेनेप सोनमेज को 6-0, 6-2 से हराया। तीन बार की मैड्रिड ओपन चैंपियन और इस साल फरवरी में मातृत्व अवकाश से वापसी करने वाली पेट्रा क्वितोवा सीधे सेटों में केटी वोलिनेट्स से 6-4, 6-0 से हार गईं। वर्ष 2022 के आखिर में मां बनने वाली अनास्तासिजा सेवस्तोवा ने अनास्तासिया पावलुचेनकोवा को 6-4, 7-5 से हराया। एम्मा राडुकानु ने सुजान लैमेंस को 7-6 (4), 6-4 से पराजित किया। अमेरिकी एलिसिया पार्क और बर्नार्डा पेरा सीधे सेटों में आगे बढ़ीं। पेरा ने जाना फेट को 6-4, 6-3 से, जबकि पार्क ने विक्टोरिया जिमेनेज कासिंत्सेवा को 6-3, 6-3 से हराया।



# गुटबाजी और भाई भतीजावाद खत्म करें खेल महासंघ

**नई दिल्ली, जेएनएन।** खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने गुरुवार को कहा कि राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) को खिलाड़ियों पर से फोकस हटाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने महासंघों से भारत की ओलंपिक 2036 की मेजबानी का दावा सफल रहने के लिए गुटबाजी और भाई भतीजावाद खत्म करने की अपील की। डिजिलॉकर में सर्टिफिकेट का पहला सेट लांच करने के मौके पर खेलमंत्री ने राष्ट्रीय खेल महासंघों से जुड़े मसलों पर बेबाक राय रखी। डिजिलॉकर दस्तावेजों और सर्टिफिकेट के संग्रहण का क्लाउड आधारित प्लेटफॉर्म है, जिससे दस्तावेजों को साझा करना और प्रमाणित करना आसान हो जाएगा। मांडविया ने 40 राष्ट्रीय खेल महासंघों के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि मुझे एनएसएफ में दखल देना पसंद नहीं है, लेकिन इसके यह मायने नहीं है कि खिलाड़ियों पर फोकस की सरकार की नीति से भटकने की उन्हें अनुमति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मैंने विभिन्न महासंघों के कई गुटों से बात की है और मैंने उनसे इस पर काम करने के लिए कहा है, ताकि खिलाड़ियों को नुकसान नहीं हो। उन्होंने कहा कि आपको खिलाड़ियों का ध्यान रखना है और गुटबाजी होने पर उन्हें नुकसान होता है। मैं इसकी अनुमति नहीं दूंगा। एनएसएफ को जिम्मेदार होना होगा। मांडविया का इशारा संभवतः मुक्केबाजी, फुटबॉल, कुश्ती और घुड़सवारी जैसे खेलों के महासंघों की ओर था, जिनकी अंतर्कलह अंतरराष्ट्रीय महासंघों और अदालत तक पहुंच गई है।




### नॉर्थईस्ट यूनाइटेड और जमशेदपुर एफसी सुपर कप क्वार्टर फाइनल में

**भुवनेश्वर, जेएनएन।** मोरक्को के स्ट्राइकर अलादीन अजराय की शानदार हैट्रिक की मदद से नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी ने मोहम्मडन स्पोर्टिंग को 6-0 से हराकर गुरुवार को कलिंगा सुपर कप क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इंडियन सुपर लीग के सबसे ज्यादा गोल करने वाले अजराय ने 18वें, 57वें और 90+2वें मिनट में गोल किए। जिथिन एमएस (तीसरे), नेस्टर एल्बियाच रोजर (42वें) और गिलर्मो फर्नांडीज हिएरो (66वें) ने भी एकतरफा मैच में नॉर्थईस्ट यूनाइटेड के लिए गोल दागे। दिन के एक अन्य मैच में जमशेदपुर एफसी ने हैदराबाद एफसी को 2-0 से हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई।

### जिम्बाब्वे से टेस्ट में हार के बाद बांग्लादेश टीम में कई बदलाव

**ढाका, जेएनएन।** जिम्बाब्वे से पहले टेस्ट मैच में मिली हार के बाद बांग्लादेश ने फॉर्म में चल रहे सलामी बल्लेबाज अनामुल हक को दूसरे टेस्ट मैच के लिए टीम में वापस बुलाया है। बांग्लादेश ने 28 अप्रैल से जहूर अहमद चौधरी स्टेडियम में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए टीम में दो बदलाव किए हैं। दूसरे टेस्ट मैच के लिए अनकैप्ड बाएं हाथ के स्पिनर तनवीर इस्लाम को अनामुल के साथ टीम में जगह दी गई है, जबकि सलामी बल्लेबाज जाकिर हसन और तेज गेंदबाज नाहिद राणा को टीम से बाहर कर दिया गया है।

# अटल को हराकर आरसीसी बनीं चैंपियन

**भोपाल, खेप्र।** आरसीसी क्रिकेट अकादमी ने छठवें साद अंसारी मेमोरियल अंडर-14 इंटर क्लब वनडे क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में अटल अकादमी को सात विकेट से हराकर प्लेट ग्रुप में खिताब जीता।

एलीट ग्रुप के सेमीफाइनल में यूसीसीए ने आरजीसीए को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। ऑल सेंट्स क्रिकेट ग्रांउड पर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी अटल क्रिकेट अकादमी 36.3 ओवर में 182 रन पर ऑलआउट हो गई। टीम के लिए नितांत ने 45 और आरुष ने 42 रन रन बनाए। आरसीसी क्रिकेट अकादमी के अली नकवी ने 8 ओवर में 33 रन देकर 4 विकेट झटके। समर को 2 सफलता मिली।

जवाब में आरसीसी ने 37 ओवर में तीन विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। विमलेश ने नाबाद 65 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। उमेद ने 38 और मोहम्मद अली खान ने नाबाद 31 रन बनाए। अटल क्रिकेट अकादमी के गौतम और तनय ने 1-1 विकेट चटकाए। अली नकवी और विमलेश को सयुंक्त मैन ऑफ द मैच चुना गया। सेंचुरियन क्रिकेट ग्राउंड पर यूसीसीए की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 40 ओवर में 6 विकेट खोकर 153 रन बनाए। जवाब में आरजीसीए 40 ओवर में आठ विकेट खोकर 89 रन ही बना सकी।



# सुपरबेट रैपिड एवं ब्लिट्ज टूर्नामेंट में होंगी प्रज्ञानानंदा पर सबकी निगाहें

**वारसॉ (पोलैंड), जेएनएन।** ग्रैंड शतरंज टूर के अंतर्गत शनिवार से शुरू होने वाले सुपरबेट रैपिड एवं ब्लिट्ज टूर्नामेंट में नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन शिरकत नहीं करेंगे, जिससे सभी की निगाहें भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा पर लगी होंगी। हमवतन अरविंद चिदंबरम के साथ प्रज्ञानानंदा खिताब के लिए दावेदारों में शामिल हैं और कार्लसन की अनुपस्थिति से उनकी संभावनायें मजबूत हुई हैं। ईरानी से फ्रांसीसी बने अलीरेजा फिरौजा भी खिताब जीतने के लिए बेकरार हैं, जबकि उनके हमवतन मैक्सिम वचियर-लाग्रेव पिछले दशक में फ्रांसीसी खिलाड़ियों की विरासत को बरकरार रखना चाहेंगे। दस खिलाड़ियों में केवल दो भारतीय प्रतिस्पर्धी हैं। देखना होगा कि इस साल ग्रैंड शतरंज टूर कौन जीतेगा। टूर्नामेंट की कुल पुरस्कार राशि 175000 अमेरीकी डालर है। स्पीड शतरंज में अपनी सटीकता के कारण प्रज्ञानानंदा का प्रदर्शन देखने वाला होगा। अरविंद चिदंबरम ने प्राग मास्टर्स जीतने के लिए बहुत अच्छा प्रदर्शन किया था, जिसके कारण आयोजकों ने उन्हें वाइल्ड कार्ड स्पॉट देने का प्रस्ताव दिया था। लेवोन अरोनियन और वेसलिन टोपालोव दो सबसे अनुभवी खिलाड़ी हैं, लेकिन ऐसा लगता नहीं है कि वे युवाओं के लिए गंभीर चुनौती पेश करेंगे। पोलैंड के डूडा जान क्रिफ्जोफ और फिरोजा प्रमुख दावेदार हो सकते हैं, लेकिन वे प्रज्ञानानंदा की मजबूती जानते हैं।



# यश की तूफानी पारी से जीती सुपर किंग्स अली हमीदिया ने अयाज एकादश को हराया

**भोपाल, खेप्र।** प्लेयर ऑफ द मैच यश जांगिड़ (22 गेंद में 45 रन) की तूफानी पारी की बदौलत वेदांत सुपर किंग्स ने वीसीपीएल टी-20 टूर्नामेंट में गोल्डन टाइगर्स को चार विकेट से हराया। वहीं अन्य मुकाबले में अली हमीदिया ने अयाज-11 को 9 विकेट से हराया। नेहरू नगर पुलिस लाइन मैदान पर गोल्डन टाइगर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 180 रन बनाए। रिजवान ने 43, कप्तान नितेश पालीया ने 35 रन का योगदान दिया। वेदांत सुपर किंग्स के सौरभ राजपूत ने 3 विकेट झटके। उदय मिश्रा और शिखर नवल को 2-2 सफलता मिली। जवाब में सुपर किंग्स ने 19.4 ओवर में 6 विकेट खोकर मुकाबला जीत लिया। अभय सिंह ने 46, यश जांगिड़ ने 45 और फैजल खान ने 40 रन बनाए। गोल्डन टाइगर्स शिखर ने दो विकेट झटके। अयाज एकादश 19 ओवर में 108 रन पर ऑलआउट हो गई। सोहैल मसूद ने 30 और शहाब खान ने 24 रन का योगदान दिया। अली हमीदिया के दीपक मलवीया ने 3, जबकि आरपी और अमीदुद्दीन ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में अली हमीदिया ने अभिषेक गिरी (59) और कप्तान देवेंद्र नायक (नाबाद 35) की पारियों की बदौलत 10.5 ओवर में एक विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।



# मप्र के समरदीप ने जीता गोल्ड मेडल

**भोपाल, खेप्र।** मध्यप्रदेश के समरदीप सिंह ने 28वीं राष्ट्रीय महासंघ सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में शॉटपुट में स्वर्ण पदक हासिल किया। यह प्रतियोगिता केरल के कोच्चि में आयोजित की गई। इस शानदार प्रदर्शन के आधार पर समरदीप ने 26वीं एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप-2025 के लिए क्वालिफाई किया। यह चैंपियनशिप 27 से 31 मई 2025 तक दक्षिण कोरिया के गुमी में आयोजित की जाएगी।



# वाटर स्पोर्ट्स चैंपियनशिप, पहले दिन हुई ड्रैगन बोट रेस

**भोपाल, खेप्र।** राजधानी के छोटे तालाब पर 35वीं राष्ट्रीय केनो स्प्रिंट जूनियर महिला-पुरुष व सब जूनियर प्रतियोगिता, 13वीं राष्ट्रीय ड्रैगन और 18वीं राष्ट्रीय पैरा केनो प्रतियोगिता एक साथ आयोजित की जा रही है। मध्य प्रदेश कयाकिंग एवं कैनोइंग एसोसिएशन व भारतीय कयाकिंग एवं केनोइंग एसोसिएशन द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में देशभर के 1300 से अधिक खिलाड़ी तथा 40 तकनीकी अधिकारी हिस्सा ले रहे है। पहले दिन ड्रैगन बोट की 2000 मीटर रेस हुई, जिसमें खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।





खिलाड़ियों ने पहलगाम में आंतकी हमले में मारे गए पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए कैंडल मार्च निकाला।

# जल गंगा संवर्धन अभियान : जल स्त्रोतों की सफाई और जागरुकता के हो रहे प्रयास




**रीवा।** रीवा और मऊगंज जिलों में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत एक ओर जहाँ रैली, जल यात्रा और जल चौपाल के माध्यम से लोगों को जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया जा रहा है वहीं दूसरी ओर जल स्त्रोतों की सफाई कराई जा रही है। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि अभियान के तहत जनपद पंचायत सिरमौर की ग्राम पंचायत बेढ़ौआ में जागरुकता रैली निकाली गई। तालाब की साफ-सफाई में ग्रामीणों ने श्रमदान किया। साथ ही आमजनता को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। विकासखण्ड रीवा की ग्राम पंचायत पतेरी में आजीविका मिशन से जुड़ी महिलाओं ने गांव में जागरुकता रैली निकाली। इसी तरह ग्राम पंचायत नेबूहा में जल संगोष्ठी और रैली का आयोजन किया गया। जल गंगा संवर्धन अभियान में शिक्षा विभाग भी सक्रिय भागीदारी निभा रहा है। विभिन्न स्कूलों में साफ-सफाई तथा जल संरक्षण के कार्य कराने के साथ निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से जल संरक्षण के संदेश दिए जा रहे हैं। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर में विद्यार्थियों ने निबंध प्रतियोगिता एवं रैली निकालकर पानी बचाने का संदेश दिया। छात्राओं ने आकर्षक चित्र और रंगोली बनाकर जल है तो कल है का संदेश दिया। सीएम राइज स्कूल देवतालाब के विद्यार्थियों ने जल संरक्षण और संवर्धन का संदेश देते हुए रैली निकाली। शासकीय कन्या हाईस्कूल सेमरिया में छात्राओं ने रैली निकालकर तथा रंगोली बनाकर जल संरक्षण का संदेश दिया। इसी तरह सिरमौर विकासखण्ड की विभिन्न ग्राम पंचायतों में मध्यप्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन के महिला स्वसहायता समूहों ने जल जागरुकता के लिए रैली निकाली। ग्राम पंचायत मझियार में जल चौपाल का आयोजन किया गया।

अभियान के तहत जल संरक्षण के लिए कई निर्माण कार्य किए जा रहे हैं। ग्राम पंचायत जतरी ने उपयंत्री तथा ग्राम पंचायत सचिव ने खेत तालाब एवं पर्कुलेशन टैंक का निर्माण शुरू कराया। नगर परिषद मनगवां में खटखरा तालाब में साफ-सफाई का कार्य कराया गया। जनपद पंचायत मऊगंज की ग्राम पंचायत लौरकला में खेत तालाब का निर्माण पूरा किया गया। नगर परिषद गुढ़ के विभिन्न वार्डों में साफ-सफाई तथा हैण्डपंपों में सोकपिट बनाने का कार्य किया जा रहा है। अभियान के तहत हनुमना विकासखण्ड की ग्राम पंचायत फूल बजरंग सिंह में उपयंत्री ने खेत तालाब का निर्माण कार्य शुरू कराया। ग्राम पंचायत शिवपुरवा में इंजीनियर बैकुण्ठ शुक्ला तथा अंकिता सोहगौरा ने खेत तालाब एवं पुलिया निर्माण का निरीक्षण किया।

# कांग्रेस ने विभिन्न मांगों को लेकर किया धरना प्रदर्शन



**रायपुर कर्चुलियान, नि.प्र.।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव पूर्व विधायक मऊगंज सुखेन्द्र सिंह बन्ना के मार्गदर्शन में विधान सभा युवा कांग्रेस गुढ़ के पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह शिब्बू की अगुआई में गुढ़ विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत ब्लॉक मुख्यालय रायपुर कर्चुलियान में भीषण पेयजल संकट, अनुसूचित जाति जनजाति के लंबित पट्टे, अधूरी पड़ी नहरों दम तोड़ती नल जल योजना, पीएचई के भ्रष्टाचार, अवैध तरीके से रामनई संचालित शराब की दुकान हटाए जाने, व्यवस्थापन की जमीनों की अवैध बिक्री पर रोक अघोषित बिजली कटौती मनमाना बिजली का बिल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रायपुर कर्चुलियान के भ्रष्टाचार की मांग को लेकर विशाल धरना प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर धरने का नेतृत्व कर रहे राजेन्द्र सिंह सिब्बू ने पेय जल संकट के संबंध में एसडीएम रायपुर कर्चुलियान से दबाव बनाकर समस्या का जल्द निराकरण कराने की बात की मांगे जल्द पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन का ऐलान किया। धरने को संबोधित करते हुए ब्लॉक कांग्रेस रायपुर कर्चुलियान के अध्यक्ष अधिवक्ता पदमदीप शुक्ला ने अपने उद्बोधन में जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान के भ्रष्टाचार का उल्लेख करते हुए कहा कि इनके काले कारनामों की जांच होनी चाहिए ।

## इनकी रही उपस्थिति

देवेन्द्र सिंह परिहार, विनोद उपाध्याय, संजय त्रिपाठी, रावेन्द्र साकेत बाबू लाल बंशल, बाबू लाल साकेत, मलखान बंशल, मोहम्मद फ़रीश सौरभ साकेत आदि ने कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अजय सोहगौरा, राम विलोचन विश्वकर्मा, सरदार तिवारी, धनपत गुप्ता, प्रशांत विजय सिंह, राजेश परिहार, बुढ़िया मिश्र, वंश दिनेश सोनी, पुरुषोत्तम रजक गोपाल, केवट राम नरेश बंशल, अभय राज साकेत, राजेश साकेत, संतोष बंशल राजेश , कैलाश बंशल, आकाश बंशल, आशीष बंशल, दिनेश बंशल ,सुखदेव बंशल, उग्रसेन बंशल, राम रमेश बंशल, सुखम्बर बंशल, मथुरा केवट प्रहलाद, रावत रानी साकेत, विजय साकेत, कलावती साकेत, लक्ष्मी साकेत, आशा साकेत, चंद्रवती साकेत, सागर साकेत, उत्तम साकेत, सूरज साकेत, देववती साकेत, गीता साकेत, प्रकाश साकेत, जगन्नाथ बंशल ,जगदीश बंशल, मेवा लाल बंशल, रजनीश बंशल, मुन्ना लाल बंशल प्रवीण पवन बंशल सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

## भारत अमेरिकी व्यापार समझौते का विरोध जारी

### पहलगाम घटना पर व्यक्त की शोक संवेदना

**मऊगंज।** अमेरिकी उप राष्ट्रपति जेडी वेंस के भारत दौरे के बाद भारत अमेरिकी व्यापार समझौते के विरोध में किसान संघर्ष समिति मऊगंज जिले के अध्यक्ष डॉ हीरालाल पटेल की अध्यक्षता में ग्राम ढनगन में किसान संघर्ष समिति के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह शंखू एवं प्रदेश सचिव संतकुमार पटेल की उपस्थिति में आम सभा आयोजित की गई, जिसका संचालन डॉ आर पी पटेल ने किया। किसान संघर्ष समिति के जिला अध्यक्ष डॉ हीरालाल पटेल प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह शंखू प्रदेश सचिव संतकुमार पटेल ने कहा कि यह समझौता भारत के घरेलू किसानों को खतरे में डालने वाला है। सभा में कश्मीर घटना को लेकर गहरी संवेदना व्यक्त की गई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राजमणि पटेल कालीचरण पटेल राजबहोर पांडे श्रीधर पटेल गेंदलाल पटेल अशोक कुमार सोनी पूर्व सरपंच रामसलोना पटेल सरपंच रामलखन पटेल सरपंच जुडमनिया सीताराम पटेल शिवकुमार फौजी छोटेलाल सेन मोतीलाल पटेल कुशल पटेल रामसहोदर पटेल रामविलास साकेत डॉ आर डी पटेल फौजी सियाशरण फौजी राजरूप पटेल लक्ष्मी पटेल शिवकली पटेल श्यामकली कोल संतोष पटेल भीमसेन पटेल सुरेश साहू गोपाल साकेत अनिल पटेल आदि तमाम किसान साथी उपस्थित रहे।

# बिजली दुर्घटना रोकने कलेक्टर से लगाई गुहार



**मनिकवार, नि.प्र.।** मनिकवार क्षेत्र के सब स्टेशन से कुछ ही दूरी पर बिजली सप्लाई हेतु खींचा गया तार महज छह फिट की उंचाई पर है जो संतोष मिश्रा पिता जगदीश मिश्रा के घर के पास है। वर्षों से यह समस्या बनी हुई है जिसको लेकर प्राथी विभाग के सभी अधिकारियों के चक्कर काटते हार चुका और बिजली विभाग के अधिकारियों के लापरवाही के चलते समस्या बनी पड़ी है। इस घटना को रोकने के लिए अब फरियाद लेकर कलेक्टर से मिलकर अवगत कराया गया जिस पर कलेक्टर डा प्रतिभा पाल ने विभाग के अधिकारियों को फटकार लगाई ऐसी ऐसी छोटी समस्या को स्वयं स्थानीय स्तर पर निदान करें ,यह मामला मनिकवार डी सीका है।

# सरपंच ने लगाया सीएचओ पर राशि के दुरुपयोग का आरोप

**गुढ़ ( नि.प्र )।** संवाददाता द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार शासन द्वारा जनता के स्वास्थ सम्बन्धी समस्या के समाधान हेतु जहा स्वास्थ केन्द्र नहीं है उस पंचायत में उप स्वास्थ केन्द्र खोला गया है तथा कुछ लोगों को ट्रेनिंग देकर जनता की बीमारी की समस्या से निजात हेतु प्राथमिक उपचार हो सके किन्तु तानाशाह सीएचओ प्रियंका शुक्ला नियमित अपने केंद्र नहीं आती है महीने में मात्र पंद्रह दिवस सेवाएं देती है।उनके इस रवैए से ग्रामीण जन परेशान होकर भटकते रहते है। जबकि नियमानुसार सरकारी कर्मचारी को अनिवार्य रूप से मुख्यालय में रहने का नियम है। श्रीमती शुक्ला की तानाशाही मुख्यालय में न रहने तक ही सीमित नहीं है शासकीय राशि गबन करने में भी महारथ हासिल है। सरकार द्वारा जनता के स्वास्थ हेतु पंचायत में जो बजट दिया जाता है, उसमे सीएचओ और सरपंच के हस्ताक्षर होते है। सीएचओ वर्ष 2022-23 में 30.000/-रू0 एवं वर्ष 2023-24 में 40,000/-रू. बजट प्राप्त हुआ। सीएचओ द्वारा कहे जाने पर सरपंच द्वारा हस्ताक्षर बना देने से रूपये 70,000/- बैंक से निकाल लिए गये, जिसका हिसाब मागने पर श्रीमती शुक्ला द्वारा हिसाब नहीं दिया गया, उल्टा बैंक खाते से सरपंच का नाम ही कटवा दिया गया। कई बार शिकायत करने के बावजूद भी उक्त प्रियंका शुक्ला के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की गई जिससे उनके हौसले बुलंद है। ग्रामीण जनों का कहना है कि प्रियंका शुक्ला के खिलाफ कार्यवाही नहीं की गई, सरपंच से भी आम जनता शिकायत कर चुकी है। सरपंच द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को भी सूचित किया जा चुका है, किन्तु आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। ग्राम पंचायत पुरास की जनता चाहती है कि उसके स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वाली सीएचओ के खिलाफ मुख्यालय में न रहने व शासकीय राशि में गड़बड़ी करने के आरोप में दण्डित किया जावे। उक्त आरोप ग्राम पंचायत पुरास के सरपंच रामभजन साकेत ने लगाते हुए तत्काल कार्यवाही की मांग मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी रीवा और कलेक्टर रीवा से की है।

# खाद्य सुरक्षा योजना से मृत और स्थाई पलायन करने वालों के नाम काटें : कलेक्टर



## रिचार्ज पिट और रेन हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाकर जल संरक्षण कराने के निर्देश

**रीवा।** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने नगरीय निकायों में ई-केवाईसी तथा जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि नगरीय निकायों में खाद्य सुरक्षा योजना के शत-प्रतिशत हितग्राहियों की ई-केवाईसी कराने के लिए शिविर लगाएं। ई-केवाईसी की प्रक्रिया में मृत तथा स्थाई रूप से पलायन करने वाले सदस्यों के नाम पोर्टल से पृथक करें। शेष बचे सदस्यों का ई-केवाईसी कराने के लिए घर-घर जाकर सदस्यों का सत्यापन करें। सभी हितग्राहियों की 30 अप्रैल तक अनिवार्य रूप से ई-केवाईसी करा दें। इसी तरह समग्र आईडी के सत्यापन के लिए भी प्रत्येक वार्ड में शिविर लगाएं। प्रत्येक सीएमओ हर दिन कम से कम पाँच सौ व्यक्तियों का समग्र पोर्टल में ई-केवाईसी दर्ज करके सत्यापन कराएं। समग्र पोर्टल में 30 मई तक शत-प्रतिशत सत्यापन करा दें।

बैठक में कलेक्टर ने जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि नगर के जल स्त्रोतों की साफ-सफाई तथा जल संरक्षण के कार्य प्राथमिकता से कराएं। अभियान की अवधि में कम से कम 100 हैण्डपंपों में रिचार्ज पिट तथा 50 घरों में रेन हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाकर जल संरक्षण का संदेश दें। ट्यूबवेल तथा कुंओं में भी रिचार्ज पिट बनवाकर जल संरक्षण कराएं। इस गर्मी में आपने मेहनत कर ली तो अगली गर्मी आराम से कटेगी। सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी अमृत-2 योजना के तहत उपयुक्त स्थल में पार्कों का निर्माण कराएं। नलजल योजना के स्वीकृत काम भी तेजी से पूरा कराएं।

कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना तथा स्वनिधि योजना का क्रियान्वयन भी सीएम डैशबोर्ड में शामिल है। अधूरे आवासों को एक माह की अवधि में पूरा कराकर जानकारी पोर्टल में दर्ज कराएं। आवास निर्माण की राशि लेकर जो हितग्राही आवास नहीं बना रहे हैं उनके विरुद्ध वसूली की कार्यवाही करें। स्वनिधि योजना के पात्र हितग्राहियों को तत्काल राशि जारी कराएं। जल गंगा संवर्धन अभियान तथा ई-केवाईसी की प्रगति की हर सप्ताह समीक्षा की जाएगी। सभी सीएमओ अद्यतन जानकारी के साथ टीएल बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवणे ने बताया कि नगरीय निकायों में अब तक 5 लाख 29 हजार 203 सदस्यों में से 2 लाख 16 हजार 412 सदस्यों के समग्र ई-केवाईसी का सत्यापन किया जा चुका है। खाद्य सुरक्षा योजना के तहत 80 प्रतिशत सदस्यों का ई-केवाईसी कराया जा चुका है। प्रधानमंत्री आवास योजना में 15 मई तक लक्ष्य के 90 प्रतिशत आवासों को पूरा कराने की समय सीमा दी गई है। बैठक में जिला प्रबंधक ई गवर्नेंस आशीष दुबे, जिला प्रबंधक लोक सेवा रविकांत पाण्डेय तथा सभी नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी उपस्थित रहे।

## तीखे हुए सूर्य देव के तेवर, चुभने लगी धूप, सूनी हुई सड़कें

### 43 डिग्री तक पहुंचा अधिकतम तापमान, बीमारियों का बढ़ा खतरा

**जागरण,रीवा।** हफ्ते भर से गर्मी के तेवर तीखे हो गए है। सुबह 10 बजे के बाद धूप चुभने लगती है, सड़क पर चलना दूभर हो गया है। लगातार बढ़ती गर्मी से लोगो की सेहत पर भी असर पड़ रहा है। मौसमविदों का कहना है कि पखवाड़े पूर्व पश्चिमी विक्षोम के चलते मौसम के करवट बदलते ही जहां मौसम में ठंडक घुली थी, लेकिन अब मौसम साफ होने के बाद गर्मी ने असर दिखाना शुरू कर दिया है। बतादें कि मई महीने में पारे में और भी बढ़ोत्तरी होने के आसार है। इधर गर्मी के असर दिखाते ही शहर में अब तक मंदी के दौर से गुजर रहे एसी, कूलर की डिमांड बढ़ने लगी है। कारोबारियों का कहना है कि हफ्ते भर से कूलर और एसी के बाजार में रौनक आ गई है। हर दिन करीब दो दर्जन से ज्यादा एसी एवं आधा सैकड़ा कूलर की बिक्री हो रही है।

### सेहत को लेकर रहे सजग

डिहाईड्रेशन का खतरा भीषण गर्मी के मौजूदा इस दौर में सेहत को लेकर सजग रहने की जरूरत है। तरह-तरह के शीतल पेय जहां लोगों की सेहत पर प्रतिकूल प्रभाव छोड़ रहे है वहीं तैलीय पदार्थों के खानपान से डि-हाइड्रेशन का खतरा बढ़ने लगता है। इस मौसम में तरल पदार्थ के साथ ही शरीर में पानी की ज्यादा जरूरत होती है।

# प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम में रीवा प्रदेश में प्रथम

**रीवा।** बीते दिनों हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम रीवा जिले में 100 प्रतिशत बूथों पर आयोजित कर संगठन ऐप पर अपलोड किया गया है। जिसमें रीवा जिला पूरे मध्यप्रदेश में प्रथम रहा है। इस हेतु प्रदेश प्रभारी डॉ. राघवेन्द्र शर्मा ने भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता को प्रोत्साहन पत्र देकर बधाई प्रेषित की है। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता ने मन की बात के जिला प्रभारी वीरेश पाण्डेय, जिला संयोजक आईटी नवीन शर्मा, सभी मंडल अध्यक्ष एवं टीम के सभी सदस्यों को प्रोत्साहन एवं बधाई दी और आगे भी निरंतर इसी तरह काम करने एवं रीवा जिले को प्रथम स्थान पर बने रहने के लिए प्रोत्साहित किया।

## उप मुख्यमंत्री ने नगर निगम स्पीकर का कुशलक्षेम जाना

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा प्रवास के दौरान नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय के स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा उनके शीघ्र स्वस्थ्य होने की शुभेच्छा व्यक्त की। उप मुख्यमंत्री ने स्पीकर नगर निगम के अस्वस्थ्य होने की जानकारी प्राप्त होने पर अस्पताल पहुंचकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा कुशलक्षेम जाना।















## अरहर उपार्जन के लिए पंजीयन अब 30 अप्रैल तक

**रीवा।** शासन द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य 7550 रुपए प्रति क्विंटल पर जिले भर में अरहर का उपार्जन किया जाएगा। खरीफ वर्ष 2024-25 में ई उपार्जन पोर्टल पर अरहर (तुअर) फसल के उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन 20 अप्रैल तक किया जा रहा था। अब किसान 30 अप्रैल तक पंजीयन करा सकते हैं।

## मऊगंज में पीएम आदर्श ग्राम योजना संबंधी बैठक 29 को

**रीवा।** मऊगंज में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना संबंधी बैठक 29 अप्रैल को दोपहर एक बजे से कलेक्ट्रेट कार्यालय में मऊगंज में आयोजित की जा रही है। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन करेंगे। बैठक में आदर्श ग्राम योजना के तहत वर्ष 2021-22 एवं वर्ष 2022-23 में संबंधित ग्राम पंचायतों को आवंटित राशि के उपयोग तथा निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की जाएगी।

## घर में लगी आग गृहस्थी खाक, 10 बकरियों की मौत, लाखों का नुकसान

**जागरण, रीवा।** गर्मी शुरू होते ही आगजनी की घटनाएं बढ़ गई है। आगजनी से कई किसानों की फसल जलकर राख हो चुकी है, तो दुकान और घर भी स्वाहा हो गए है। गढ़ थाना क्षेत्र में भी लगातार आगजनी की घटनाएं हो रही है। जानकारी दी गई कि गढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत पड़ुआ गांव में गुरुवार की दोपहर शार्ट सर्किट से एक घर में आग लग गई। आगजनी से पीड़ित की पूरी गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया, वहीं 10 बकरियों की भी आगजनी से मौत हो गई। घटना के संबंध में पीड़ित मो. अब्दुल मजीद पिता मो.हनीफ 38 वर्ष ने बताया की दोपहर करीब 12 बजे अचानक उनके घर में अज्ञात कारण से आग लग गई, देखते ही देखते आग ने भायवह रूप धारण कर दिया। आगजनी में घर के अंदर खड़ी हीरो डीलक्स बाइक, 20 बोरा गेंहू, 2 क्विंटल रुई व रुई धुनने की मशीन सहित घर में रखा पूरा सामान जलकर राख हो गया। इसके साथ ही घर के अंदर 10 नगर बकरिया बधी थी जो आग में जलकर मर गई। पीड़ित के मुताबिक आगजनी से करीब दस लाख का नुकसान हुआ है। पीड़ित ने गढ़ पुलिस से मामले की शिकायत कर शासन प्रशासन से क्षतिपूर्ति दिलाए जाने मदद की गुहार लगाई है।











## तालाब में डूबने से बालक की मौत

**रीवा।** शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत बिड़बा तालाब में एक बालक की डूबने से मौत हो गई। घटना गुरुवार की सबुह करीब 10.30 बजे के आसपास की बताई जा रही है। बताया गया कि बालक घर से बकरिया चराने के लिए निकला था, जहां वह तालाब के किनारे था अचानक उसका पैर फिसल गया और वह पानी की गहराई में डूब गया।

### सिटी क्राइम मीटर (अप्रैल)

| दिन | मामले |
|---|---|
| 23 | 193 |

| थाना | पंजीबद्ध अपराध |
|---|---|
| सिटी कोतवाली | 33 |
| सिविल लाइन | 24 |
| विश्वविद्यायल | 17 |
| चोरहटा | 44 |
| बिछिया | 24 |
| समान | 29 |
| अमहिया | 22 |
| योग | 193 |

## पुरानी रंजिश में सरहंग ने महिला से की मारपीट

**जागरण, रीवा।** पुरानी रंजिश में बिछिया में रहने वाली महिला के साथ एक सरहंग ने गाली गलौज करते हुए अश्लील हरकत की साथ ही उसके साथ मारपीट भी की है। पीड़िता ने मामले की शिकायत बिछिया थाना में दर्ज करवाई है, जिसके बाद पुलिस प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी की तलाश में जुटी हुई है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक गुरुवार को पीड़िता रश्मी गुप्ता पति उमेश गुप्ता 46 वर्ष निवासी सतना कवरराम टाकीज जमान सिंह कालोनी थाना कोलगवां जिला सतना हाल मुकाम सुभाष स्कूल के पीछे बीपी मिश्रा के किराये के मकान बिछिया ने बिछिया थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज करवाई की आरोपी विजय पासी पिता छोटेलाल पासी निवासी बैलौहन टोला पुरानी रंजिस को लेकर घर में घुसकर मां बहन की अश्लील भद्दी-भद्दी गालियां देते हाथ मुक्का से मारपीट कर चोट पहुचानें व जान से मारने की धमकी दिया। जिसके बाद पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ धारा 332,296,115(2),351(3), बी.एन.एस. पंजीबद्ध कर कार्रवाई की है। पुलिस पूरे मामले की विवेचना कर आरोपी की तलाश में लगी हुई है।

## युवक की मौत पर परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**जागरण, रीवा।** रायपुर कर्चुलियान थाना क्षेत्र में रहने वाले एक युवक की संदिग्ध अवस्था में मौत पर परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। गुरुवार को पीएम के बाद शव परिजनों को सौप दिया गया। घटना के संबंध में मृतक के मामा योगेश तिवारी ने बताया कि पुष्पेंद्र कुमार पांडे उर्फ गोलू 22 अप्रैल की शाम तकरीबन 7 बजे अपने घर कोस्टा से निकला था। तकरीबन 1 घंटे बाद वह चार युवकों के साथ आखरी बार रतहरा ओवर ब्रिज के ऊपर देखा गया था। बताया जा रहा है कि 23 अप्रैल की दोपहर पुलिस को गंगेव हाईवे के पास एक युवक लहु लुहान हालात में पड़े मिला जहां उसे उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल लाया गया लेकिन उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। युवक के जेब से मोबाइल गायब है जबकि तकरीबन 15 हजार रुपए उसके जेब में रखे हुए है। परिजनों का कहना है कि फोन लगाने पर एक युवक के द्वारा एक बार फोन उठाया गया जिसने अपने आप को मुंबई में होना बताया। अब इस घटना को लेकर परिजन अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर कार्यवाही की मांग कर रहे है। परिजनों ने बताया कि युवक के सर पर और चेहरे में कई जगह चोट के निशान है जिससे यह प्रतीत होता है कि युवक की हत्या कर शव को सड़क पर फेंका गया था और घटना को एक्सीडेंट का रूप देने का प्रयास किया गया है। पुलिस के मुताबिक पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारण स्पष्ट होगे जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।











## रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त

**रीवा।** मध्यप्रदेश राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी एम.बी. ओझा द्वारा बीज उत्पादक सहकारी समिति मर्यादित चोरहटा जिला रीवा के संचालक मंडल के सदस्यों व अन्य पदाधिकारियों को अन्य संस्थाओं में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों के निर्वाचन हेतु सहकारी निरीक्षक विकास माठे को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है।






















जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com